

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 286 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 25 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# परीक्षा धोखाधड़ी पर सख्त कार्रवाई: बॉम्बे हाईकोर्ट ने बनाए दो विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट

## औरंगाबाद व नागपुर में होंगी पेपर लीक और परीक्षा कदाचार मामलों की त्वरित सुनवाई, लंबित केस तत्काल स्थानांतरित करने के निर्देश

नई दिल्ली/मुंबई, समाज जागरण देशभर में सार्वजनिक परीक्षाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने पेपर लीक, परीक्षा धोखाधड़ी और अन्य परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के मामलों के त्वरित निपटारे के लिए दो विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें नामित की हैं। ये विशेष अदालतें महा-राष्ट्र के औरंगाबाद तथा नागपुर न्यायिक जिलों में कार्य करेंगी।



हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ये अदालतें सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत दर्ज मामलों के अलावा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 तथा महा-राष्ट्र विश्वविद्यालय, बोर्ड एवं अन्य निर्दिष्ट परीक्षाओं में कदाचार निवारण अधिनियम, 1982 के संबंधित प्रावधानों के तहत दर्ज मामलों की भी सुनवाई करेंगी। इसका उद्देश्य परीक्षा संबंधी अपराधों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करना है।

### केंद्र सरकार के अनुरोध पर लिया गया निर्णय

यह निर्णय बॉम्बे हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के 23 जुलाई, 2026 के पत्र के बाद लिया। मंत्रालय ने सार्वजनिक परीक्षाओं में बढ़ते पेपर लीक और कदाचार के मामलों को देखते हुए समर्पित फास्ट ट्रैक अदालतें नामित करने का अनुरोध किया था, ताकि ऐसे मामलों में शीघ्र न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

### इन अदालतों को मिली जिम्मेदारी

### हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (निरीक्षण-1) द्वारा जारी आदेश के अनुसार-

औरंगाबाद न्यायिक जिला में एस.वी. पवार, 10वें संयुक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया गया है।

नागपुर न्यायिक जिला में गुलशन आर. कोल्टे, 7वें संयुक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ स्तर) एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट के रूप में नामित किया गया है।

### लंबित मामलों के तत्काल हस्तांतरण के निर्देश

हाईकोर्ट ने औरंगाबाद तथा नागपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को निर्देश दिया है कि वे संबंधित विशेष अदालतों को औपचारिक रूप से अधिसूचित करें तथा उनके अधिकार क्षेत्र के सभी लंबित मामलों को तत्काल इन अदालतों में स्थानांतरित करें। साथ ही, इस प्रक्रिया की अनुपालन रिपोर्ट भी हाईकोर्ट को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### परीक्षा प्रणाली को मिलेगा नया भरोसा

विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना से पेपर लीक, परीक्षा धोखाधड़ी और अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े मामलों का तेजी से निपटारा हो सकेगा। इससे दोषियों के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित होगी और छात्रों का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास मजबूत होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम देश में निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय परीक्षा व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

### मुख्य बिंदु

2 विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए गए।

स्थानः औरंगाबाद और नागपुर।

लागू कानूनः सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024।

बीएनएस 2023 एवं महाराष्ट्र कदाचार निवारण अधिनियम, 1982 के मामलों की भी होगी सुनवाई।

लंबित मामलों को तत्काल स्थानांतरित करने के निर्देश।

उद्देश्यः पेपर लीक और परीक्षा धोखाधड़ी के मामलों में शीघ्र न्याय एवं परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ाना।

## जंतर-मंतर पर विदेशी फूड ऑर्डर के दावों पर विदेश मंत्रालय सतर्क, जांच एजेंसियां रख रही हैं नजर

नई दिल्ली, समाज जागरण । नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के दौरान विदेशी स्थानों से ऑनलाइन भोजन मंगाए जाने संबंधी दावों पर विदेश मंत्रालय ने संयमित प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, लेकिन देश की सुरक्षा एवं साइबर एजेंसियां सभी संदिग्ध डिजिटल गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।


विदेश मंत्रालय के साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से पूछा गया कि क्या विदेशों, विशेषकर खाड़ी देशों से जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों के लिए ऑनलाइन फूड डिलीवरी के आदेश दिए जा रहे हैं तथा क्या इसमें पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल की कोई भूमिका है।

### 'फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं'

प्रवक्ता ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र और संयुक्त अरब अमीरात में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक रहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विदेशी स्थानों से भोजन के ऑर्डर या पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल की किसी भूमिका के संबंध में फिलहाल सरकार के पास कोई आधिकारिक जानका-री नहीं है।

## लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ा देश का विदेशी मुद्रा भंडार, 676.24 अरब डॉलर पर पहुंचा

### भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आँकड़े जारी; विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में वृद्धि, स्वर्ण भंडार के मूल्य में कमी



मुंबई/नई दिल्ली, समाज जागरण ब्यूरो। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उत्साहजनक समाचार है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आँकड़ों के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.08 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 676.24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे पूर्व सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार में 96.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई थी। इस प्रकार लगातार दूसरे सप्ताह देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है।

### विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि

भारतीय रिजर्व बैंक के साप्ताहिक सांख्यिकीय परिशिष्ट के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा भाग विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां हैं। इनका मूल्य 4.549 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 551.057 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इन परिसंपत्तियों के मूल्य पर यूरो, ब्रिटिश पाउंड, जापानी येन जैसी प्रमुख विदेशी मुद्राओं के विनिमय मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव का भी प्रभाव पड़ता है।

### स्वर्ण भंडार के मूल्य में कमी

आँकड़ों के अनुसार, देश के स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.48 अरब अमेरिकी डॉलर घटकर 101.749 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) का मूल्य 4.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.67 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

### रिकॉर्ड स्तर के बाद फिर मजबूत हुआ भंडार

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वर्ष की शुरूआत में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में कुछ कमी आई थी, किंतु अब इसमें पुनः निरंतर सुधार देखा जा रहा है। इससे पूर्व 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब अमेरिकी डॉलर के अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### विदेशी मुद्रा भंडार में क्या-क्या सम्मिलित होता है

विदेशी मुद्रा भंडार में मुख्यतः निम्नलिखित घटक सम्मिलित होते हैं- विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां

स्वर्ण भंडार

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आ-रक्षित अंश स्थिति (रिजर्व ट्रेंच पोजीशन)

यह भंडार देश की आयात आवश्यकताओं की पूर्ति, विदेशी भुगतान दायित्वों के निर्वहन, रुपये की स्थिरता बनाए रखने तथा वैश्विक आर्थिक संकटों से अर्थव्यवस्था की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# आईएसएसएफ विश्व कप में संयम ने दिलाया भारत को पहला पदक, 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

## महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन; फाइनल में 243.4 अंक हासिल कर रचा नया कीर्तिमान

नई दिल्ली, समाज जागरण ब्यूरो। भारतीय निशानेबाजी के लिए शुक्रवार का दिन गौरवपूर्ण रहा। भारतीय निशानेबाज संयम ने आईएसएसएफ विश्व कप राइफल, पिस्टल एवं शॉटगन प्रतियोगिता की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का पदकों का खाता खोल दिया। फाइनल में संयम ने 243.4 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा आ-ईएसएसएफ विश्व कप पदक है।



### क्वालीफिकेशन से ही दिखाई उत्कृष्ट लय

पूर्व जूनियर विश्व एवं एशियाई चैंपियन संयम ने क्वालीफिकेशन चरण में 579 अंक प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। पूरे मुकाबले में उन्होंने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और फाइनल में भी आत्मविश्वास के साथ निशाना साधते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

### 36 सदस्यीय भारतीय दल कर रहा है चुनौती पेश

इस विश्व कप प्रतियोगिता में भारत का 36 सदस्यीय दल राइफल, पिस्टल एवं शॉटगन की व्यक्तिगत तथा मिश्रित टीम स्पधाओं में भाग ले रहा है। भारतीय दल में मनु भाकर, स्वप्निल कुसाले, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, ईशा सिंह, सुरुचि, एलावेनिल वलारिवन, सिफ्ट कौर समरा, सोनम उत्तम मस्कर, अनीश भानवाला, रायजा ढिल्लों, गनेमत सेखों तथा अनंत जीत सिंह नरुका जैसे अनुभवी और प्रतिभाशाली निशानेबाज शामिल हैं।

### राइफल स्पधाओं में भी भारत की मजबूत दावेदारी

पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पार्थ राकेश माने, हिमांशु ढिल्लों, शाहू तुषार माने और रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में एलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर और साक्षी सुनील पाडेकर भारतीय चुनौती प्रस्तुत करेंगी।

इसके अतिरिक्त, पुरुषों की 50 मीटर रा-इफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल, जबकि महिलाओं में आशी चौकसे, विदरसा के. विनोद और सिफ्ट कौर समरा भाग ले रही हैं।

### पिस्टल और शॉटगन स्पधाओं में भी पदक की उम्मीद

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में संयम के साथ सुरुचि और ईशा सिंह भी भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। पुरुष वर्ग में केदारलिंग बी. उचागंवे, कमलजीत और आकाश भारद्वाज चुनौती पेश कर रहे हैं। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मनु भाकर, ईशा सिंह और राही सरनोबत उतरेंगी, जबकि पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में अनीश भानवाला, ओमकार सिंह और भावेश शेखावत भारत की ओर से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### मिश्रित टीम स्पधाओं में भी भारत की नजर पदकों पर

शॉटगन वर्ग में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में उदयवीर सिंह जाजी, भौनीश मेंदीरत्ता और विवान कपूर भाग ले रहे हैं। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में प्रगति दुबे, कीर्ति गुप्ता और राजेश्वरी कुमारी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। स्कीट स्पर्धा में पुरुष वर्ग में गुरजोत सिंह खंगुरा, परमपाल सिंह गुरोन और अभय सिंह सेखों, जबकि महिला वर्ग में गनेमत सेखों, दर्शना राठौर और यशस्वी राठौर देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

भारत 10 मीटर एयर राइफल, 10 मीटर एयर पिस्टल तथा ट्रैप की मिश्रित टीम स्पधाओं में भी पदक जीतने की प्रबल दावेदारी पेश करेगा। (इनपुट : आईएएनएस)

## नीट पेपर लीक पर बड़ा एक्शन: एनटीए से 47 अधिकारी-कर्मचारी हटाए गए

### परीक्षा प्रणाली में सुधार की बड़ी पहल; चार नए महाप्रबंधकों की होगी नियुक्ति, 16 युवा पेशेवर भी किए जाएंगे शामिल

नई दिल्ली, समाज जागरण ब्यूरो। नीट प्रश्नपत्र लीक और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में व्यापक प्रशासनिक बदलाव शुरू कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए एनटीए के 47 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया है। इनमें से कुछ के विरुद्ध कानूनी एवं आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी। यह कार्रवाई उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी के स्थानांतरण के बाद की गई है। सरकार ने एजेंसी के पुनर्गठन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है।

### चार नए महाप्रबंधकों की होगी नियुक्ति

एनटीए के प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए चार नए महाप्रबंधक (जनरल मैनेजर) के पदों पर प्रत्यक्ष नियुक्तियां की जाएंगी। इसके अति-रक्त, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के प्रतिभा सेतु पोर्टल के माध्यम से 16 युवा पेशेवरों की नियुक्ति भी की जाएगी।

# असम में बाढ़ का कहर जारी, एनडीआरएफ ने 4,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला

## राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी; 59 लोगों और 48 मवेशियों को बचाया, छह शव बरामद

गुवाहाटी, समाज जागरण ब्यूरो। असम में लगातार हो रही वर्षा और नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के अनेक जिलों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। इस बीच राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआर-एफ) ने राहत एवं बचाव अभियान को और तेज करते हुए अब तक 4,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, एनडीआ-रएफ की टीमों ने अब तक 59 लोगों का सकुशल बचाव, 4,037 लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, 48 मवेशियों को बचाने तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से छह शव बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।



### संवेदनशील क्षेत्रों में चौबीसों घंटे चल रहा अभियान

अधिकारियों के अनुसार, जिन जिलों में नदियां उफान पर हैं और व्यापक जलभराव की स्थिति बनी हुई है, वहां एनडीआरएफ की विशेष टीमें तैनात हैं। बचाव दल मोटरबोट, जीवनरक्षक उपकरणों तथा अन्य आधुनिक संसाधनों की सहायता से चौबीसों घंटे राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

### मुख्यमंत्री ने की एनडीआरएफ की सराहना

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राहत एवं निकासी अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सामाजिक माध्यम एक्स पर लिखा कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं निकासी अभियान निरंतर जारी है तथा एनडीआरएफ के जवानों की सेवा भावना और समर्पण प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों से जुड़े ताजा आँकड़े भी साझा किए।

### कई एजेंसियां मिलकर चला रही हैं अभियान

एनडीआरएफ के साथ-साथ राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा स्थानीय स्वयंसेवक भी संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं।

इनका प्रमुख उद्देश्य बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना, उन्हें राहत शिविरों तक पहुंचाना तथा मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### कई इलाके अब भी जलमग्न

लगातार वर्षा और प्रमुख नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण राज्य के अनेक निचले क्षेत्र अब भी जलमग्न हैं। इससे सड़क परि-वहन प्रभावित हुआ है और कई जिलों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे स-रकारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अनावश्यक रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में न जाएं तथा बचाव दलों के साथ पूरा सहयोग करें। प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य भी लगातार जारी है।

# एक देह का विदा होना, कई घरों में सूर्योदय बन सकता है

जीवन का सबसे कठिन संघर्ष अक्सर अस्पताल की चारदीवारी के भीतर लिखा जाता है, जहाँ हर साँस उम्मीद और समय के बीच अंतिम संवाद बन जाती है। कहीं माँ की प्रार्थनाएँ बेटे की धड़कनों का सहारा हैं, कहीं पिता की आँखें बेटी के लिए एक अंग की प्रतीक्षा में हैं, तो कहीं एक मासूम अनजान है कि उसका कल किसी अजनबी के निर्णय पर टिका है। विज्ञान ने एक देह से कई जीवनों को फिर धड़काने की शक्ति पा ली है, लेकिन संवेदनहीन व्यवस्था सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। इसलिए भारत में अंगदान केवल चिकित्सा नहीं, हमारी सामूहिक मानवता की परीक्षा है। जब तक यह संवेदना सशक्त नीतियों में नहीं उतरती, तब तक प्रतीक्षा सूची का हर नाम किसी मरीज का नहीं, बल्कि अधूरी ज़िंदगी की मौन पुकार बना रहेगा।

संवेदनशील समाज केवल उपदेश नहीं देता, बल्कि करुणा को व्यवस्था का आधार बनाता है। अमेरिका के मिशिगन राज्य ने इसे कानून का रूप दिया है। वहाँ जीवित अंगदाता बनने वाले कर्मचारी के लिए नियोक्ता को 12 सप्ताह के वेतन के बराबर टैक्स क्रेडिट मिलता है। यह केवल आर्थिक प्रोत्साहन नहीं, बल्कि जीवन बचाने के निर्णय का सम्मान है। इससे कर्मचारी को न नौकरी खोने का डर रहता है, न आय घटने की चिंता, और नियोक्ता भी बिना अतिरिक्त बोझ के उसका साथ दे सकता है। भारत में निजी क्षेत्र के अनेक कर्मचारी इच्छा होने पर भी आर्थिक असुरक्षा के कारण अंगदान का साहस नहीं जुटा पाते। ऐसे में यह मॉडल संवेदना और व्यवस्था का प्रभावी उदाहरण बन सकता है।

भारत की सबसे बड़ी कमी अंगदान की इच्छा नहीं, बल्कि उसे संभव बनाने वाली व्यवस्था है। अधिकांश प्रत्यारोपण आज भी जीवित रिश्तेदारों के दान पर निर्भर हैं, जबकि मृतक अंगदान की दर प्रति मिलियन आबादी पर एक से भी कम है। हर वर्ष लगभग 1.6 लाख सड़क दुर्घटना मौतों के बावजूद केवल 1,000झ्र 1,200 मृतक अंगदान हो पाते हैं। इसके विपरीत, स्पेन ने यह दर 48 प्रति मिलियन तक पहुँचा दी है। नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (नॉटो) के अनुसार 2025 में लगभग 20 हजार प्रत्यारोपण हुए, जबकि आवश्यकता इससे कहीं अधिक है। हर वर्ष लाखों लोग अंगों की प्रतीक्षा में दम तोड़ देते हैं। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि अंगदान को राष्ट्रीय सामाजिक संपदा न मानने वाली नीतिगत सोच का परिणाम है। जहाँ लोग अंगों के अभाव में मरें, वहाँ संकट संसाधनों का नहीं, दृष्टिकोण का होता है।

किसी अनजान को जीवन देने का साहस तभी जन्म लेता है, जब व्यवस्था सुरक्षा का विश्वास दे। भारत में अंगदान की सबसे बड़ी बाधा चिकित्सा नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा है। परिवार की हिचक, उपचार का खर्च, लंबी रिकवरी और नौकरी का भय लोगों को पीछे हटा देता है। मिशिगन मॉडल इसी समस्या का समाधान देता है। यदि भारत में भी कंपनियों को कर प्रोत्साहन मिले, तो वे कर्मचारियों को सवेतन अवकाश दे सकेंगी। आज 82 हजार से अधिक लोग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में हैं, जबकि एक मृतक अंगदाता आठ से दस जीवन बचा सकता है। कई बार एक संवेदनशील नीति, हजारों अपीलों से अधिक जीवन बचा देती है।

यदि भारत इस दिशा में निर्णायक पहल करे, तो उसका प्रभाव केवल प्रत्यारोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व की परिभाषा भी बदलेगी। अस्पताल बनाना और उपकरण दान करना महत्वपूर्ण है, पर अब अपने कर्मचारियों की जीवनदायी संवेदना को संरक्षण देना भी आवश्यक है। मिशिगन की तर्ज पर कर प्रोत्साहन मिलने पर कंपनियाँ सवेतन अवकाश के साथ उपचार, रिकवरी और पुनर्वास में सहयोग दे सकेंगी। यह ऐसा निवेश होगा, जिसका प्रतिफल बैलेंस शीट में नहीं, बल्कि बची हुई धड़कनों और लौटी मुस्कानों में दिखाई देगा। इसके साथ नॉटो और राज्य स्तरीय अंगदान नेटवर्क का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि दान और प्रत्यारोपण के बीच समय की दूरी घट सके।

भारत के कुछ राज्यों ने साबित किया है कि अंगदान की दिशा संसाधनों से नहीं, संकल्प और सुदृढ़ व्यवस्था से बदलती है। तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं, जबकि उत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्य अब भी पीछे हैं। मध्य प्रदेश सरकार दानकताओं को ह्यगॉड ऑफ ऑनरह्ण का सम्मान देकर उन्हें समाज का हीरो बनाती है। यह अंतर सुविधाओं से अधिक नीतिगत प्राथमिकताओं का है। यदि केंद्र सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ समान राष्ट्रीय नीति लागू करे, तो यह असमानता सिमट सकती है। भरोसेमंद प्रत्यारोपण तंत्र न केवल लाखों जीवन बचाएगा, बल्कि भारत को वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल टूरिज्म का विश्वसनीय केंद्र भी बना सकता है।

स्थायी परिवर्तन तब जन्म लेते हैं, जब नीति, समाज और संस्थाएँ एक ही लक्ष्य के साथ आगे बढ़ती हैं। अंगदान भी इसका अपवाद नहीं है। सरकार नीतिगत संरक्षण दे, उद्योग जगत आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करे और स्वयंसेवी संस्थाएँ जनजागरण का दायित्व निभाएँ– यही साझेदारी इस अभियान को जनआंदोलन बना सकती है। भारत में 4.8 लाख से अधिक नागरिक मृत्यु के बाद अंगदान के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। यह प्रमाण है कि संवेदना का अभाव नहीं, बल्कि भरोसे की कमी है। जिस दिन हर दानकर्ता परिवार को सम्मान और सुरक्षा का विश्वास मिलेगा, उसी दिन यह संख्या कई गुना बढ़ सकती है।

आखिरकार प्रश्न केवल अंगदान का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का है जो करुणा को साहस में बदल सके। भारत में अंगदान अब केवल व्यक्तिगत सद्कर्म नहीं, बल्कि सार्वजनिक नीति और सामाजिक सहभागिता का विषय बनना चाहिए। मिशिगन का मॉडल बताता है कि नीतिगत संरक्षण मिलने पर संवेदना हजारों परिवारों के लिए आशा बन जाती है। प्रतीक्षा सूची का हर नाम केवल एक मरीज नहीं, बल्कि पूरे परिवार के अधूरे भविष्य का प्रतीक है। आवश्यकता केवल अंगदान बढ़ाने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जहाँ जीवन बचाने वाला व्यक्ति स्वयं असुरक्षा का शिकार न बने। जिस दिन यह विश्वास स्थापित होगा, अंगदान अभियान नहीं, भारत की मानवीय चेतना का स्वाभाविक संस्कार बन जाएगा।

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

# चातुर्मास: आत्मपरिष्कार का अनुष्ठान



**महेन्द्र तिवारी**

भारतीय धर्म और संस्कृति में समय को केवल घड़ी की सुइयों या कैलेंडर के पन्नों से नहीं मापा जाता, बल्कि इसे चेतना के निरंतर विकास और प्रकृति के चक्र के साथ जोड़कर देखा जाता है। चातुर्मास इसी सनातन परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और वैज्ञानिक आधार वाला कालखंड है। आषाढ़ शुक्ल एकादशी अर्थात देवशयनी एकादशी से लेकर कार्तिक शुक्ल एकादशी अर्थात देवउठनी एकादशी तक के ये चार महीने केवल व्रत और उपवास के दिन नहीं हैं, बल्कि यह मनुष्य की आंतरिक यात्रा, आत्मपरिष्कार और आध्यात्मिक जागरण का एक वृहद पर्व है। धार्मिक मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में शेषनाग की शय्या पर चार मास के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। भगवान के योगनिद्रा में जाने का यह प्रतीकात्मक अर्थ यह है कि अब सृष्टि के पालन का कार्य कुछ समय के लिए विश्राम की अवस्था में है और यह समय बाहरी दौड़भाग को रोककर अपनी भीतर की दुनिया को संवारने का है। जिस तरह भगवान विष्णु अंतमुर्खी होकर योगनिद्रा का आश्रय लेते हैं, उसी तरह साधारण मनुष्य से लेकर साधु संतों तक को इस अवधि में अपनी इंद्रियों को समेटकर अंतमुर्खी होने का निर्देश दिया गया है। यह काल हमें बताता है कि जीवन में कर्म और गति जितनी आवश्यक है, उतनी ही आवश्यक शांति और स्थिरता भी है।

चातुर्मास का आरंभ वर्षा ऋतु के साथ होता है। प्रकृति भी इस समय अपने पुराने आवरण को उतारकर नवसृजन की प्रक्रिया में मग्न होती है। ग्रीष्म ऋतु की चिलचिलाती धूप और ताप से झुलसी हुई धरती पर जब आषाढ़ और श्रावण की फुहारें पड़ती हैं, तो चारो ओर हरियाली और जीवन का नया संचार होने लगता है। प्राचीन काल में यातायात के साधन अत्यंत सीमित थे और वर्षा के कारण कच्ची पगडंडियां दुर्गम हो जाती थीं। इसलिए परिव्राजक, संन्यासी और भिक्षु जो वर्ष भर निरंतर भ्रमण करते रहते थे, वे इन चार महीनों में अपनी यात्राएं रोककर किसी एक स्थान पर ठहर जाते थे। इसी ठहराव को चातुर्मास कहा गया। एक स्थान पर रुकने का यह नियम केवल शारीरिक विश्राम के लिए नहीं था, बल्कि इसके पीछे अहिंसा का एक बहुत बड़ा दर्शन छिपा हुआ था। वर्षा ऋतु में भूमि पर अनेक प्रकार के सूक्ष्म जीव जंतु और कीड़े मकोड़े उत्पन्न हो जाते हैं। यात्रा करने से अनजाने में ही इन जीवों की हत्या होने का पाप लग सकता है। इसलिए संतों ने एक स्थान पर रुक कर मौन और तपस्या का मार्ग चुना। इस ठहराव का एक उद्देश्य यह भी था कि साधु संत समाज के बीच रहकर ज्ञान का प्रकाश फैलाएं और स्वयं की साधना को और अधिक गहरा करें।

आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ साथ चातुर्मास का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी गहरा महत्व है। आयुर्वेद के अनुसार वर्षा ऋतु में मनुष्य की पाचन शक्ति बहुत कमजोर हो जाती है और जल तथा वायु में अनेक प्रकार के सूक्ष्म जीवाणुओं का संक्रमण बढ़ जाता है। ऐसे में आहार और विहार पर कठोर नियंत्रण रखना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। चातुर्मास के दौरान सात्विक भोजन ग्रहण करने, एक समय उपवास करने और कुछ विशेष पदार्थों के त्याग का नियम बनाया गया है। यह केवल एक अंधविश्वास नहीं है बल्कि शरीर को निरोगी रखने की एक विशुद्ध वैज्ञानिक प्रक्रिया है। जब हम अपने स्वाद और भोजन की आदतों पर नियंत्रण स्थापित करते हैं, तो हमारा मन भी धीरे धीरे हमारे वश में आने लगता है। उपवास और व्रत का वास्तविक अर्थ केवल भूखा रहना नहीं है, बल्कि अपनी वृत्तियों को उप अर्थात समीप और वास अर्थात निवास कराना है। इसका सीधा अर्थ अपनी आत्मा के समीप निवास करना है। जब शरीर हल्का रहता है तो मन में तामसिक और राजसिक विचार कम उत्पन्न होते हैं। यही कारण है कि चातुर्मास में स्वाध्याय, सत्संग और नाम जप का विशेष विधान है ताकि मन को सकारात्मक ऊर्जा मिलती रहे और वह भौतिक विकारों से मुक्त हो सके।

सामान्यतः लोग चातुर्मास को केवल कुछ धार्मिक कर्मकांडों, पूजा पाठ और मंदिरों में होने वाले आयोजनों तक सीमित मान लेते हैं, किंतु इसकी परिधि इससे कहीं अधिक व्यापक है। सच्ची साधना केवल बंद कमरे या मंदिर के एकांत में नहीं होती, बल्कि वह मनुष्य के दैनिक आचरण और व्यवहार में झलकनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति महीनों तक व्रत करता है किंतु उसके व्यवहार में क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या और कटुता बनी रहती है, तो उसकी सारी तपस्या निरर्थक हो जाती है। चातुर्मास मनुष्य को यही सिखाता है कि उसे अपने भीतर के विकारों को पहचान कर उन्हें दूर करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। वाणी में मधुरता लाना, विचारों में पवित्रता रखना, दूसरों के प्रति करुणा और दया का भाव रखना तथा असहायों की निस्वार्थ सहायता करना ही इस काल की सबसे बड़ी पूजा है। इन चार महीनों में व्यक्ति को यह दृढ़ संकल्प लेना चाहिए कि वह किसी भी जीव को अपने मन, वचन या कर्म से तनिक भी कष्ट नहीं पहुंचाएगा। यही सच्चा आत्मपरिष्कार है जहाँ मनुष्य अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त कर एक बेहतर और संवेदनशील इंसान बनने की ओर कदम बढ़ाता है।

आज के आधुनिक और तेजी से भागते हुए जीवन में चातुर्मास की प्रासंगिकता और भी अधिक बढ़ गई है। आज मनुष्य ने विज्ञान और तकनीक के बल पर अपार भौतिक सुख सुविधाएं तो जुटा ली हैं, लेकिन उसकी मानसिक शांति कहीं बहुत पीछे छूट गई है। हर व्यक्ति एक अंधी दौड़ में शामिल है जहां उसे बस दूसरों से आगे निकलना है। इस निरंतर प्रतिस्पर्धा, तनाव और प्रदर्शन की होड़ ने मनुष्य को भीतर से खोखला और अशांत कर दिया है। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया ने उसे अपने ही परिवार और स्वयं अपनी आत्मा से भी दूर कर दिया है। ऐसे समय में चातुर्मास हमें एक अमूल्य अवसर प्रदान करता है कि हम इस डिजिटल कोलाहल और मानसिक शोरगुल से खुद को कुछ समय के लिए पूरी तरह काट लें। यह एक प्रकार का मानसिक और आध्यात्मिक कायाकल्प है। कुछ समय एकांत में बैठकर स्वयं से संवाद करना, अपनी सफलताओं और विफलताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन करना और यह गहराई से सोचना कि हम किस दिशा में जा रहे हैं, आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। चातुर्मास हमें बार बार याद दिलाता है कि स्थायी सुख और आनंद बाहर के शोर में नहीं, बल्कि भीतर के मौन में छिपा है।

चातुर्मास को यदि सही अर्थों में जिया जाए तो यह जीवन की दिशा और दृष्टि दोनों को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखता है। यह कोई थोपा गया कठोर अनुशासन नहीं है, बल्कि स्वेच्छा से स्वीकार किया गया एक आनंदमयी तप है जो मनुष्य को सोने की तरह तपाकर कुंदन बनाता है। इन चार महीनों की अवधि में अर्जित की गई सकारात्मक ऊर्जा, संयम और अनुशासन व्यक्ति को शेष आठ महीनों के कठिन जीवन संग्राम में सफलतापूर्वक टिके रहने की असीम शक्ति प्रदान करते हैं। जिस तरह एक छोटा सा बीज अंधकारमय मिट्टी के भीतर रहकर स्वयं को गलाता है और फिर वर्षा जल पाकर एक नए पौधे के रूप में फूटकर बाहर आता है, ठीक उसी प्रकार चातुर्मास की यह साधना मनुष्य के अहंकार और अज्ञान को पूरी तरह गलाकर उसमें से प्रज्ञा, विवेक और करुणा के नए अंकुर प्रस्फुटित करती है। इसलिए इसे केवल पंचांग का एक सामान्य हिस्सा या पुरानी परंपरा मानकर नहीं छोड़ देना चाहिए, बल्कि इसे आत्मनिर्माण के एक महान महोत्सव के रूप में मनाना चाहिए। यह कालखंड हम सभी का आह्वान करता है कि हम अपनी चेतना के सोए हुए देव को जगाएं और जीवन को उसकी पूर्णता, सार्थकता और दिव्यता के साथ जीने का सच्चा प्रयास करें।

# पेपर लीक पर छात्र आंदोलन से 2027 में राहुल-अखिलेश को कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा?

उत्तर प्रदेश की राजनीति में किसान आंदोलन के बाद अब छात्र आंदोलन का मुद्दा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले नई राजनीतिक जमीन तैयार करता दिखाई दे रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था की कथित गड़बड़ियों के खिलाफ छात्रों का गुस्सा अब केवल परीक्षा केंद्रों और धरना स्थलों तक सीमित नहीं है। यह मुद्दा संसद से लेकर सड़क तक पहुंच चुका है और विपक्षी दल इसे सरकार के खिलाफ बड़े राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। सवाल यही है कि क्या छात्रों का यह आक्रोश 2027 में भारतीय जनता पार्टी के लिए वही चुनौती बन सकता है, जिसकी उम्मीद विपक्ष ने 2022 में किसान आंदोलन के बाद की थी?इस पूरे घटनाक्रम में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सक्रियता सबसे अधिक दिखाई दे रही है। पेपर लीक के मुद्दे पर राहुल गांधी पहले से सरकार को घेरते रहे हैं, लेकिन छात्रों के आंदोलन ने उन्हें सीधे सड़क पर उतरने का अवसर दे दिया है। अखिलेश यादव के लिए यह मुद्दा इसलिए और महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तर प्रदेश की राजनीति में बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं और युवाओं की नाराजगी लंबे समय से विपक्ष के प्रमुख मुद्दे रहे हैं। छात्र आंदोलन को समर्थन देकर समाजवादी पार्टी एक ऐसे वर्ग तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रही है, जो आने वाले चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।मामला केवल नीट या किसी एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों की परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणाम में देरी और भर्ती प्रक्रिया पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जहां लाखों युवा वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। एक परीक्षा की तैयारी में परिवार की बचत, छात्र की उम्र और कई वर्षों का समय लग जाता है। ऐसे में परीक्षा रद्द होने या पेपर लीक की खबर केवल प्रशासनिक समस्या नहीं रहती, बल्कि परिवारों के लिए आर्थिक और भावनात्मक संकट बन जाती है।




केंद्र सरकार ने 2024 में लोक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने के लिए कानून बनाया था। इस कानून में पेपर लीक, संगठित नकल और परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी को अपराध बनाया गया तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान किया गया। इसके बावजूद जब लगातार नई घटनाओं को लेकर सवाल उठते हैं तो छात्रों का असंतोष स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। यही वह बिंदु है जहां विपक्ष सरकार से पूछ रहा है कि कानून बनने के बाद भी व्यवस्था में वह भरोसा क्यों नहीं बन पाया, जिसकी छात्रों को सबसे ज्यादा जरूरत है।आंदोलन के बढ़ते दबाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देर रात वीडियो संदेश जारी कर पेपर लीक के खिलाफ और कड़े कदमों तथा नए कानून की बात करना राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए गंभीर पीड़ा का विषय है और सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। सरकार की ओर से यह संदेश उस समय आया जब छात्र आंदोलन लगातार विस्तार ले रहा था और विपक्षी दल इसे संसद और सड़क दोनों जगह उठा रहे थे।यहीं से इस आंदोलन का राजनीतिक पहलू सामने आता है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों जानते हैं कि छात्र आंदोलन को केवल सरकार विरोधी प्रदर्शन में बदल देना आसान नहीं है। छात्र किसी राजनीतिक दल के झंडे के नीचे आंदोलन शुरू नहीं करते। उनकी पहली मांग परीक्षा व्यवस्था में भरोसा, पारदर्शिता और भविष्य की सुरक्षा होती है। इसलिए विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह छात्रों की आवाज का समर्थन करते हुए आंदोलन पर अपना राजनीतिक कब्जा करने की कोशिश करता हुआ दिखाई न दे।

2022 का किसान आंदोलन इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए सबसे बड़ा उदाहरण है। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ लंबे आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने नवंबर 2021 में तीनों कानून वापस ले लिए थे। उस समय उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले थे। समाजवादी पार्टी को उम्मीद थी कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों की नाराजगी भाजपा के खिलाफ बड़ा राजनीतिक माहौल बनाएगी। अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन किया और जयंत चौधरी के साथ मिलकर किसान मुद्दे को चुनावी अभियान का प्रमुख हिस्सा बनाया।लेकिन चुनाव परिणामों ने विपक्ष की उम्मीदों को पूरी तरह सच साबित नहीं किया। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 255 सीटें जीतीं और उसके सहयोगियों के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की कुल सीटें 273 तक पहुंचीं। समाजवादी पार्टी को 111 सीटें मिलीं, जबकि उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल को 8 सीटें मिलीं। भाजपा का वोट प्रतिशत लगभग 41.29 प्रतिशत रहा, जबकि समाजवादी पार्टी को 32.06 प्रतिशत वोट मिले। यानी किसान आंदोलन के बाद भाजपा की सीटें जरूर घटीं, लेकिन वह सत्ता से बाहर नहीं हुई।हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव ने उत्तर प्रदेश की राजनीति का समीकरण बदल दिया। समाजवादी पार्टी राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और कांग्रेस के साथ गठबंधन ने भाजपा को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इस परिणाम ने विपक्ष को यह विश्वास दिया कि युवा, रोजगार, भर्ती और पेपर लीक जैसे मुद्दे यदि जातीय और सामाजिक समीकरणों से जुड़ जाएं तो भाजपा के लिए चुनौती पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से एक साल पहले छात्र आंदोलन विपक्ष के लिए सामान्य विरोध प्रदर्शन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

लेकिन यहां किसान आंदोलन और छात्र आंदोलन के बीच बड़ा अंतर भी है। किसान आंदोलन मुख्य रूप से एक संगठित सामाजिक वर्ग और मजबूत किसान संगठनों के नेतृत्व में चला था। उसके पास गांवों तक फैला हुआ संगठनात्मक ढांचा था। छात्र आंदोलन का स्वरूप अधिक बिखरा हुआ है। इसमें अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा, कोचिंग संस्थानों से जुड़े छात्र, बेरोजगार अभ्यर्थी और उनके परिवार शामिल हैं। यह आंदोलन बहुत बड़ा जनभावनात्मक मुद्दा तो बन सकता है, लेकिन उसे चुनावी वोट में बदलना अपने आप में कठिन है।दूसरी चुनौती यह है कि छात्र हर चुनाव में एक जैसा राजनीतिक व्यवहार नहीं करते। एक ही परिवार में माता-पिता किसी एक दल के समर्थक हो सकते हैं, जबकि युवा किसी दूसरे दल के। कई छात्र रोजगार और परीक्षा व्यवस्था से नाराज होने के बावजूद मतदान के समय कानून-व्यवस्था, जातीय समीकरण, कल्याणकारी योजनाओं, धार्मिक मुद्दों और स्थानीय उम्मीदवार को भी महत्व देते हैं। इसलिए यह मान लेना कि पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन सीधे भाजपा के वोट में बदल जाएगा, जल्दबाजी होगी।फिर भी इस आंदोलन को हल्के में लेना भाजपा के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उत्तर प्रदेश में युवाओं की संख्या बहुत बड़ी है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों का प्रभाव केवल उनके वोट तक सीमित नहीं रहता। वे अपने परिवारों और गांवों में राजनीतिक चर्चा को प्रभावित करते हैं। यदि लगातार परीक्षाओं में गड़बड़ी, पेपर लीक और भर्ती में देरी का मुद्दा बना रहता है तो यह सरकार के खिलाफ धीरे-धीरे जमा होने वाली नाराजगी में बदल सकता है।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव के लिए सबसे बड़ा अवसर यही है कि वे इस आंदोलन को केवल सरकार विरोधी नारे तक सीमित न रखकर रोजगार, भर्ती कैलेंडर, परीक्षा सुरक्षा और जवाबदेही का ठोस राजनीतिक एजेंडा बनाएं। यदि विपक्ष केवल धरना, गिरफ्तारी और तस्वीरों तक सीमित रहा तो किसान आंदोलन की तरह छात्र आंदोलन का भी राजनीतिक लाभ सीमित रह सकता है। लेकिन यदि वह छात्रों की वास्तविक समस्याओं के समाधान का स्पष्ट मॉडल सामने रखता है, तो 2027 में यह मुद्दा भाजपा के खिलाफ व्यापक असंतोष को जोड़ने का काम कर सकता है।अंततः सवाल यह नहीं है कि राहुल गांधी या अखिलेश यादव छात्र आंदोलन से राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं या नहीं। राजनीति में हर दल जनता के आंदोलनों से जुड़कर लाभ लेने की कोशिश करता है। असली सवाल यह है कि क्या छात्र उन्हें अपना विश्वसनीय प्रतिनिधि मानेंगे? किसान आंदोलन के बाद विपक्ष को उम्मीद के मुताबिक लाभ नहीं मिला था, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव ने दिखा दिया कि उत्तर प्रदेश का मतदाता सत्ता के लंबे प्रभुत्व को भी चुनौती दे सकता है। अब 2027 में पेपर लीक और रोजगार का मुद्दा कितना बड़ा चुनावी हथियार बनेगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार छात्रों का भरोसा कितनी जल्दी वापस हासिल करती है और विपक्ष आंदोलन की आवाज को कितनी गंभीरता से राजनीतिक कार्यक्रम में बदल पाता है। फिलहाल इतना साफ है कि छात्र आंदोलन केवल परीक्षा व्यवस्था का सवाल नहीं रह गया है। उत्तर प्रदेश में यह अब सत्ता, विपक्ष और युवाओं के बीच भरोसे की लड़ाई बन चुका है।

**अजय कुमार**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नोएडा में 79.94 लाख रुपये की मादक दवाएं जब्त, अवैध गोदाम पर छापेमारी में दो गिरफ्तार

## एएनटीएफ दिल्ली और औषधि विभाग की संयुक्त कार्रवाई; ट्रामाडोल व अल्प्राजोलम की बड़ी खेप बरामद

नोएडा, समाज जागरण ब्यूरो। गौतमबुद्धनगर में मादक दवाओं के अवैध भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए औषधि विभाग और एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) दिल्ली की संयुक्त टीम ने सेक्टर-123 स्थित एक अवैध गोदाम पर छापेमारी कर लगभग 79 लाख 94 हजार 13 रुपये मूल्य की प्रतिबंधित दवाएं जब्त की हैं। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

औषधि निरीक्षक जयसिंह ने बताया कि 23 और 24 जुलाई 2026 की रात थाना सेक्टर-113 क्षेत्र की चौकी सेक्टर-122 के अंतर्गत मकान संख्या A-130A, अंबेडकर सिटी, सेक्टर-123, कच्चा 30 फुटा रोड, नोएडा स्थित एक अवैध गोदाम पर संयुक्त छापेमारी की गई।





### ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम की बड़ी खेप बरामद

छापेमारी के दौरान ट्रामाडोल (Tramadol) तथा अल्प्राजोलम (Alprazolam) युक्त मादक औषधियों की भारी मात्रा बरामद हुई। जब्त दवाओं का अनुमानित मूल्य 79,94,013 रुपये आंका गया है।

### दो आरोपी गिरफ्तार

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिव नारायण झा, निवासी निराला ग्रीनशायर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट तथा अमन शर्मा, निवासी विहान विला फेज-1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के रूप में हुई है।

### जांच के लिए भेजे गए नमूने

बरामद दवाओं के नमूने परीक्षण एवं रासायनिक विश्लेषण के लिए सुरक्षित रखते हुए संबंधित प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि मादक दवाओं का यह अवैध भंडारण किन उद्देश्यों से किया जा रहा था तथा इसका नेटवर्क कितना व्यापक है।

औषधि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करने वाले अवैध औषधि कारोबार के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

### कासना में लोहे की छड़ से हत्या, आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। थाना कासना पुलिस ने सिरसा गोलचक्कर के पास सर्विस रोड पर हुए हत्या के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी नरेश कुमार पुत्र विजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (UP16E Q6672) तथा लोहे की नुकीली छड़ भी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार, 24 जुलाई को आपसी विवाद के दौरान आरोपी ने लोहे की नुकीली छड़ से हमला कर सुरेश (40 वर्ष) की हत्या कर दी थी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाना कासना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गौतमबुद्धनगर में शराब दुकानों पर ब्रांडवार प्रदर्शन अनिवार्य, आबकारी विभाग ने जारी किए निर्देश

## आकस्मिक निरीक्षण अभियान के दौरान शराब की दुकानों, मॉडल शॉप और बार की जांच; सीसीटीवी और पीओएस मशीन से शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। उत्तर प्रदेश आबकारी आयुक्त के निर्देश तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जनपद में संचालित मदिरा दुकानों एवं बार का व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षकों ने संबंधित थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से विभिन्न प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान देशी शराब की दुकानें, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप तथा बार का निरीक्षण कर संचालकों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक दुकान के काउंटर के पास ब्रांडवार मदिरा का स्पष्ट प्रदर्शन किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को उपलब्ध ब्रांडों की जानकारी आसानी से मिल सके।



### कैंटीनों की भी हुई सघन जांच

निरीक्षण के दौरान मदिरा दुकानों से संबद्ध कैंटीनों की भी गहन जांच की गई। साथ ही विभाग द्वारा गोपनीय टेस्ट परचेज कर बिक्री प्रक्रिया और नियमों के अनुपालन की भी जांच की गई।

### सीसीटीवी और पीओएस मशीन का अनिवार्य उपयोग

आबकारी विभाग ने सभी अनुज्ञापियों एवं विक्रेताओं को निर्देशित किया कि दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे रियल टाइम में संचालित रहें तथा प्रत्येक बिक्री पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीन के माध्यम से ही की जाए। विभाग ने शत-प्रतिशत डिजिटल बिक्री सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में मदिरा दुकानों की नियमित निगरानी जारी रहेगी। आबकारी नियमों का उल्लंघन करने वाले अनुज्ञापियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य शराब बिक्री व्यवस्था में पारदर्शिता, उपभोक्ता सुविधा और नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना है।

# नोएडा में अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 10 दोपहिया वाहन बरामद; तीन बदमाश गिरफ्तार

## सेक्टर-126 थाना पुलिस की बड़ी सफलता; चोरी की 9 मोटरसाइकिल, 1 स्कूटी और अवैध तमंचा बरामद

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-126 पुलिस ने एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी के 10 दोपहिया वाहन तथा एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 23 जुलाई 2026 को मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गढ़ी शाहपुर कट, सेक्टर-131 नोएडा के पास से विकास कुमार पुत्र संजय कुमार, रोहित पुत्र सुरेश और कुलदीप पुत्र हरिचंद को गिरफ्तार किया गया।

### 10 चोरी के वाहन और अवैध हथियार बरामद

गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने 9 चोरी की मोटरसाइकिल और 1 स्कूटी बरामद की। वहीं मुख्य आरोपी विकास कुमार के कब्जे से .315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया।

### दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था गिरोह

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं। ये मॉल, अस्पताल, मेट्रो स्टेशन, बाजार और आवासीय क्षेत्रों के बाहर खड़े दोपहिया वाहनों की रेकी कर मौका मिलते ही उन्हें चोरी कर लेते थे।




चोरी के बाद वाहन सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखे जाते थे। उनकी पहचान मिटाने के लिए इंजन और चेसिस नंबर घिस दिए जाते थे, जिसके बाद उन्हें कम कीमत पर बेच दिया जाता था।

### यमुना डूब क्षेत्र से बरामद हुए वाहन

अभियुक्तों की निशानदेही पर सेक्टर-131 स्थित यमुना डूब क्षेत्र की घनी झाड़ियों से चोरी के वाहन बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना विकास कुमार अपने पास अवैध हथियार भी रखता था और चोरी के वाहनों की बिक्री से आर्थिक लाभ कमाता था।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली और नोएडा क्षेत्र से कई वाहन चोरी करने की बात स्वीकार की है। अब पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, चोरी के वाहनों के खरीदारों तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

कमिश्नरेट पुलिस का कहना है कि वाहन चोरी करने वाले गिरोहों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और संगठित अपराध में शामिल अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 'ऑपरेशन अपराजेय' के तहत दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास पर मंथन, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने की अंतरविभागीय बैठक

## ऑटिज्म एवं बौद्धिक दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने, सुरक्षा और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करने पर बनी कार्ययोजना

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा संचालित 'ऑपरेशन इनविक्टस (ऑपरेशन अपराजेय)' के अंतर्गत शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय, सेक्टर-108 में दिव्यांग बच्चों, विशेष रूप से ऑटिज्म एवं बौद्धिक दिव्यांगता (इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी) से प्रभावित बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा एवं पुनर्वास को लेकर एक महत्वपूर्ण अंतरविभागीय गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने की।

### 9 जून से चल रहा है 'ऑपरेशन अपराजेय'

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि 9 जून 2026 से कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में 'ऑपरेशन अपराजेय' संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले (स्पेशल नीड्स) एवं दिव्यांग बच्चों तथा उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं, आवश्यक सेवाओं और विधिक अधिकारों से जोड़कर उन्हें सुरक्षित एवं समावेशी वातावरण उपलब्ध कराना है।




### विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लिया भाग

गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा), जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एनआईईपीआईडी (National Institute for the Empowerment of Persons with Intellectual Disabilities) के प्रतिनिधि तथा विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक में दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

### सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर

बैठक में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी, दिव्यांग पेंशन योजना, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, समग्र शिक्षा, समावेशी शिक्षा तथा अन्य पुनर्वास एवं सशक्तिकरण योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई।

साथ ही अर्ली डायग्नोसिस प्रोग्राम, डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर की सेवाओं के विस्तार, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा एवं प्रमाणन शिविर लगाने, विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के नामांकन बढ़ाने तथा अभिभावकों की समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा हुई।

### सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

गोष्ठी में केयरगिवर सत्यापन, बीट आउटरीच कार्यक्रम, नेबरहुड सिक्योरिटी स्कीम, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सामुदायिक जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया।

### 'ऑपरेशन अपराजेय' जनकल्याण की महत्वपूर्ण पहल

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन अपराजेय' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि विशेष आवश्यकता वाले एवं दिव्यांग बच्चों के सम्मान, सुरक्षा, अधिकारों के संरक्षण और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। उन्होंने सभी विभागों से प्रत्येक मामले में संवेदनशीलता, समन्वय और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्धनगर पुलिस प्रत्येक दिव्यांग बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी विभागों, सामाजिक संस्थाओं और हितधारकों के साथ मिलकर इस अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। (स्रोतः मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# प्रशासनिक न्यायाधीश अजय भनोट ने किया गौतमबुद्धनगर जिला न्यायालय का निरीक्षण

## न्यायिक कार्यप्रणाली, लंबित वादों के निस्तारण और न्यायालयी व्यवस्थाओं की समीक्षा; अधिवक्ताओं से संवाद कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

संदीप गर्ग

नोएडा, समाज जागरण ब्यूरो। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति एवं गौतमबुद्धनगर के प्रशासनिक न्यायाधीश अजय भनोट ने अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण के प्रथम दिवस पर शुक्रवार को जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश, पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी तथा समस्त न्यायिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति अजय भनोट ने न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर न्यायालयों की कार्यप्रणाली, लंबित वादों के समयबद्ध निस्तारण, न्यायिक कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा न्यायिक सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं जनसुलभ बनाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं उत्तरदायी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



### बार एसोसिएशन से किया संवाद

गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन द्वारा प्रशासनिक न्यायाधीश का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय, न्यायिक मयार्दा तथा पेशेवर मूल्यों को बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से संवाद कर उनके सुझाव भी प्राप्त किए।

### वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

माननीय प्रशासनिक न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न प्रशासनिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश दिए।

### न्यायालय कर्मचारियों से भी की बातचीत

उन्होंने जनपद न्यायाधीश के कक्ष में न्यायिक अधिकारियों के साथ पुनः विचार-विमर्श किया तथा बैठक कक्ष में जिला न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों और न्यायालय के सुचारु संचालन से जुड़े विषयों की जानकारी ली। साथ ही कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसर की प्रशासनिक एवं आधारभूत सुविधाओं का भी विस्तृत अवलोकन किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा जिला न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# नोएडा में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, 40 पव्वे देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

## आबकारी विभाग और सेक्टर-24 थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई; विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत हुई गिरफ्तारी

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना सेक्टर-24 पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत संयुक्त टीम ने मंटू यादव पुत्र स्वर्गीय सतीश यादव को अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया।




### 40 पव्वे देशी शराब बरामद

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से दोस्ताना ब्रांड की उत्तर प्रदेश मार्का 200 मिलीलीटर क्षमता के 40 पव्वे देशी शराब बरामद किए गए। जब्त शराब की कुल मात्रा 8 बल्क लीटर (बीएल) बताई गई है।

### आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

आबकारी विभाग की तहरीर पर थाना सेक्टर-24 में आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल आबकारी विभाग अथवा पुलिस को सूचित करें।

# नोएडा में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, 36 पव्वे देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना फेस-2 पुलिस की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 23 जुलाई 2026 को संयुक्त टीम ने थाना फेस-2 क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए करण पुत्र शंकर को अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।



### 36 पव्वे देशी शराब बरामद

आरोपी के कब्जे से उत्तर प्रदेश मार्का 'दोस्ताना' ब्रांड की 200 मिलीलीटर क्षमता के 36 पव्वे देशी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 7.200 बल्क लीटर (बीएल) बताई गई है।

### मुकदमा दर्ज, अभियान रहेगा जारी

आबकारी विभाग की तहरीर पर थाना फेस-2 में आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 में बदले जाएंगे जर्जर बिजली के पोल, पार्कों में लगेंगी हाईमास्ट लाइटें

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। ग्रेटर नोएडा के आवासीय सेक्टरों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्राधिकरण की टीम लगातार क्षेत्रीय निरीक्षण कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर-2 के ए एवं बी ब्लॉक का निरीक्षण कर स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की। इस दौरान सेक्टरवासियों ने बिजली, सफाई, पार्कों के रखरखाव, जलभराव और अतिक्रमण सहित विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

### सीईओ के निर्देश पर चल रहा है विशेष अभियान

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एन.जी. रवि कुमार के निर्देश पर सभी आवासीय सेक्टरों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक सेक्टर का भ्रमण कर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सीईओ के निर्देश पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने ग्रेटर नोएडा ईस्ट एवं वेस्ट के लिए परियोजना, स्वास्थ्य, उद्यान, विद्युत तथा जल एवं सीवर विभागों की संयुक्त टीमें गठित की हैं।

### निवासियों ने रखीं प्रमुख समस्याएं

प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम, प्रभात शंकर, विनोद शर्मा, स्वतंत्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने सेक्टर का निरीक्षण किया।

बैठक में सेक्टरवासियों ने अधिकारियों के समक्ष निम्न प्रमुख समस्याएं रखीं–

सेक्टर के मुख्य प्रवेश द्वार एवं मुख्य मार्ग पर ठेला विक्रेताओं का अतिक्रमण हटाया जाए।

पार्कों और ग्रीन बेल्ट का नियमित रखरखाव कराया जाए।

नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को नियमित किया जाए।

वर्षा के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

जर्जर बिजली के पोल तत्काल बदले जाएं।

खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराई जाए।

पार्कों में बेहतर रोशनी के लिए हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएं।

सेक्टर में प्रतिदिन नियमित सफाई एवं झाड़ू लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### अधिकारियों ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य प्रत्येक आवासीय सेक्टर में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

# कुसियारी में वन विभाग की 54 बीघा सरकारी जमीन माफियाओं से मुक्त।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। जसराना क्षेत्र के मौजा कुसियारी में वन विभाग की करोड़ों रुपये मूल्य की 54 बीघा सरकारी जमीन को तहसील प्रशासन ने भू-माफियाओं के अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया। जिलाधिकारी के कड़े निर्देश के बाद हरकत में आए राजस्व और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर न केवल जमीन का चिन्हांकन किया, बल्कि उसे वापस वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया। प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कब्जा धारियों में हड़कंप मच गया है।

नगला अनूप के निवासी राजबहादुर ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी से लिखित शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि मौजा कुसियारी में वन विभाग की 54 बीघा बेशकीमती जमीन पर कुछ रसूखदार लोगों ने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा है। मामले की गंभीरता और सरकारी जमीन को खुर्द-बुर्द होने से बचाने के लिए जिलाधिकारी ने तत्काल एसडीएम को एक विशेष टीम गठित कर जमीन को हर हाल में कब्जा मुक्त कराने का कड़ा निर्देश जारी किया। जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को नायब तहसीलदार शुभम पस्तोर और नायब तहसीलदार शरद चौहान, हल्का लेखपाल श्याम विकास के साथ कुसियारी गांव पहुंचे। टीम ने सबसे पहले सरकारी अभिलेखों के आधार पर वन विभाग की 54 बीघा जमीन की पैमाइश की और चारों तरफ चिन्हांकन की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों और गवाहों की मौजूदगी में अवैध रूप से खेती या अन्य गतिविधियों के जरिए कब्जा करने वाले लोगों को सख्त लहजे में चेतावनी दी। जमीन को पूरी तरह खाली कराने के बाद, प्रशासनिक टीम ने कागजी औपचारिकताएं पूरी कर भूमि को वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की सुपुर्दगी में सौंप दिया। कार्रवाई के बाद नायब तहसीलदार शुभम पस्तोर ने साफ किया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कुसियारी में वन विभाग की भूमि को सुरक्षित करा लिया गया है। अगर किसी ने भी दोबारा इस जमीन पर पैर रखने या अवैध कब्जा करने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ भू-माफिया अधिनियम कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई कर्मचारी को ट्रक ने रौंदा, गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**आक्रोशित स्वजनों और स्थानीय लोगों ने मैनपुरी मार्ग किया जाम**
**सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर खुलवाया**

**समाज जागरण**



शिकोहाबाद। नगर पालिका की महिला सफाई कर्मचारी को सफाई करते समय ट्रक चालक ने चालक को लापरवाही और तेज रफ्तार चलाते हुए महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी होते ही सफाई कर्मचारी और स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और शिकोहाबाद-मैनपुरी मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय भेजा और जाम लगा रहे लोगों को समझा बुझा कर जाम खुलवा दिया।

बोक्षिया निवासी सरोज (45) पत्नी रनवीर नगर पालिका में सफाई कर्मचारी के पद पर काम करती हैं। शुक्रवार को वह मैनपुरी मार्ग पर साफ सफाई कर रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और सफाई कर्मचारी एकत्रित हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने शिकोहाबाद-मैनपुरी मार्ग जाम कर दिया। जाम की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सर्वप्रथम घायल महिला को उपचार के लिए शिकोहाबाद संयुक्त चिकित्सालय भेज दिया। जहां इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद फिरोजाबाद मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके बाद थाना पुलिस ने जाम लगा रहे लोगों को समझा बुझा कर खुलवाया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि एक सफाई कर्मचारी महिला को ट्रक ने रौंद दिया है। चालक ट्रक को लेकर मैनपुरी की तरफ भाग गया है। उसको पकड़ने के लिए चेकिंग शुरू करा दी है। शीघ्र ही ट्रक को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा करा दिया जायेगा। हादसे की जानकारी होते ही पालिका के अधिशाषी अधिकारी राजकुमार, सफाई निरीक्षक कुलदीप, कार्यालय अध्यक्ष ह्रदयराम, नानक चंद्र कश्यप सहित अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंच कर कर्मचारी का हालचाल जाना।

# घर में अकेली महिला की हत्या, गले पर वार कर फंदे से लटकाया।

## मक्खनपुर में सनसनीः बाहर से बंद मिला मकान, कुंडल गायब; लूट के बाद हत्या की आशंका।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। कस्बा मक्खनपुर के स्टेशन रोड स्थित एक गली में शुक्रवार को घर में अकेली रह रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाहर से बंद मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो महिला का शव मिला। प्रथम दृष्टया गले पर धारदार हथियार से हमला करने के बाद शव को फंदे से लटकाकर हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी। मृतका की पहचान रामवती उर्फ सरोज (50) पत्नी स्व. आरबी सिंह निवासी स्टेशन रोड, मक्खनपुर के रूप में हुई है। उनका बेटा सिद्धांत खैरगढ़ क्षेत्र के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट है। घटना के समय महिला घर में अकेली थीं।

मोहल्ले के लोगों के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे तक महिला को देखा गया था। इसके बाद शुक्रवार को परिचितों ने फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर अंदर देखा तो महिला का शव पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार महिला के गले पर चोट के निशान हैं। वहीं कानों से कुंडल भी गायब मिले हैं, जिससे लूट के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना से पहले दो संदिग्ध युवकों को गली में आते देखा गया था। कुछ लोगों का दावा है कि वे किराएदार बनकर महिला के घर पहुंचे थे। पुलिस इन दावों की भी जांच कर रही है।

घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। क्षेत्राधिकारी शेखर सेंगर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस हत्या और लूट समेत सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी है।

# जिला अस्पताल बिजनौर में महिला कल्याण विभाग द्वारा मनाया गया नवजात कन्या जन्मोत्सव

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**




बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने 16 नवजात बालिकाओं को बेबी किट व उपहार देकर दी शुभकामनाएँ

बिजनौर, 24 जुलाई 2026ः

आज जिला अस्पताल बिजनौर में महिला कल्याण विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत एक विशेष जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अस्पताल में जन्मी 16 नवजात कन्या शिशुओं के आगमन की खुशी में आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक अभिशाप को समाप्त करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जसजीत कौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी, बिजनौर एवं जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका (CMS) डॉ. प्रभा रानी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने वितरित किए उपहार एवं बेबी किट कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्वयं नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट, उपहार, मिठाइयाँ एवं बधाई पत्र सौंपकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने नवजात कन्याओं के स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए माताओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

**जिलाधिकारी का संदेशः**

"बेटियाँ समाज की नींव हैं और किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। आज के समय में बालिकाओं को समान अवसर और अधिकार देना बेहद आवश्यक है। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है।"

बेटियों के संरक्षण एवं पोषण पर बल कार्यक्रम में मौजूद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, सीएमएस डॉ. प्रभा रानी ने नवजात शिशु देखभाल, नियमित टीकाकरण और स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा माताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने केक काटकर नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया और पूरे अस्पताल परिसर में खुशी का माहौल रहा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट, एडीएम व एसपी पूर्वी ने धामपुर-स्योहारा कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



स्योहारा। आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी (एडीएम) एवं पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने थाना पुलिस के साथ धामपुरझस्योहारा कांवड़ मार्ग का संयुक्त भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी (सीओ) धामपुर, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ), नगर पालिका परिषद स्योहारा चेयरमैन फैसल वारसी तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा।

निरीक्षण के दौरान उच्च अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख स्थलों, संवेदनशील स्थानों एवं शिविर स्थलों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने भी अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि कांवड़ यात्रा के दौरान नगर पालिका की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ मार्ग पर विशेष सफाई अभियान, पेयजल की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटों की निगरानी, नालियों की सफाई एवं आवश्यक नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने नगर पालिका की टीम को लगातार फील्ड में रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

भ्रमण के दौरान एडीएम एवं एसपी पूर्वी ने थाना पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, नियमित गश्त बढ़ाने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अधिकारियों के निर्देश पर कांवड़ मार्ग पर बिजली के खंभों की सुरक्षा टेपिंग कराई गई, ताकि किसी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की आशंका न रहे। इसके अलावा रात्रि में यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए रिफ्लेक्टर लगाए गए, जबकि सड़क किनारे उगी भांग की झाड़ियों एवं अन्य अवांछित वनस्पतियों की सफाई भी कराई गई, जिससे पूरा मार्ग सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके।

इस अवसर पर अधिकारियों ने नगर पालिका को कांवड़ मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाने, नियमित कूड़ा उठान, पेयजल, मोबाइल शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को यातायात सुचारु बनाए रखने, आपातकालीन सेवाओं को हर समय सक्रिय रखने तथा किसी भी स्थिति से तत्काल निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने को कहा गया।

निरीक्षण के अंत में एडीएम एवं एसपी पूर्वी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं निर्बाध यात्रा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके। श्रद्धालुओं से भी प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में 32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रोजेक्ट प्रदर्शन के लिए कार्यशाला आयोजित।

**समाज जागरण**



फिरोजाबादः- भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के नामांकन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। नीरज कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट कार्य की महत्ता को बताते हुए सभी को अधिक से अधिक नामांकन करने के लिए प्रेरित किया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टैंबिलिटी है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में कोई मॉडल नहीं बनना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग करते हैं। प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन निर्गत लिंक https://n-csc.in/भरना होगा। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के अधिक से अधिक प्रतिभागियों को इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में रजिस्ट्रेशन एवं प्रतिभाग कराकर उनकी शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि करने में सहयोग करें। इस अवसर पर प्रशांत कुमार जैन, अंजय जैन, नितिन जैन, राजीव जैन, , निर्भय जैन, ध्रुव कान्त झा, शिव कुमार सिंह, निशान्त जैन, नितिन मिश्र, राजेश सक्सेना, विपुल जैन, मनोज शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# डीएम और एसएसपी ने किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण

**कांबड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर**
**मार्ग के गड्ढे एवं ऊबड़ खाबड़ सड़क को सही कराने के निर्देश**

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



शिकोहाबाद। आगामी माह में कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ शिकोहाबाद स्थित एटा चौराहा एवं आरौंज पुल कटरा बाजार एटा,जसराना सीमा मार्ग का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को अधीनस्थ संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कांवड़ यात्रा मार्ग की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा.निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर जहां भी जलभराव या गड्ढे हैं, उन्हें तत्काल भरवाकर सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही मार्ग में पड़ने वाली नहरों के पास दुर्घटनाओं से बचाव के लिए अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं। एसएसपी आदित्य लाग्हें ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और यातायात प्रबंधन को सुचारू रखने का निर्देश दिया है। ताकि कांवड़ियों के साथ स्थानीय नागरिकों को भी किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, बीडीओ शिकोहाबाद, ईओ राजकुमार, सचिव प्रशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा धूमधाम से निकली

**551 सौभाग्यवती महिलाओं ने लिया भाग।**

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। जलेसर रोड स्थित काली मन्दिर की वर्षगांठ पर आयोजित भागवत कथा की कलश यात्रा बड़ी धूमधाम से निकली जिसका जगह जगह आरती उतार कर एवं पेय पदार्थ बाटकर स्वागत किया कलश यात्रा जीवारामचौक स्थित राधा कृष्ण मंदिर से निकली जिसमें 551 सौभाग्यवती महिलाएं सिर पर कलश रखकर निकली कलश यात्रा का जगह-जगह आरती उतार कर एवं प्रसाद वितरित कर स्वागत किया गया कलश यात्रा में बैंड वाले धार्मिक भजन गाते चल रहे थे जिन्होंने सब का मन मोह लिया कलश यात्रा घंटाघर चौराहा शास्त्री मार्केट गंज

मोहल्ला डाकखाना चौराहा बर्फ खाना चौराहा जलेसर रोड काली मंदिर सिनेमा चौराहा होती हुई कथा स्थल तुलसी पैलेस में जाकर समाप्त हई। गौरव कृष्ण शास्त्री ने कहा की भागवत कथा सुनने से लोगों के पाप नाश होते हैं लोगों को भागवत कथा सुनने का मौका बहुत कम होता है शोभा यात्रामे हजारों की संख्या में भक्तजन चल रहे थे।

# आइसक्रीम विक्रेता की ठेली में अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी टक्कर, घायल होकर सड़क परध गिरा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

अफजलगढ़। बिरला फार्म हरेवली मार्ग पर स्थित सुनील क्रेशर के समीप शुक्रवार को अज्ञात बाइक की टक्कर से आइसक्रीम बेचकर लौट रहा एक ठेली सवार घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी) अफजलगढ़ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला किला निवासी मोहम्मद जाकिर पुत्र रमजानी अपनी ठेली पर आइसक्रीम बेचने के लिए ग्राम मोहम्मद अलीपुर चौहड़ गए थे। शाम को वापस लौटते समय हरेवली मार्ग स्थित सुनील क्रेशर के पास पीछे से तेज गति से आए एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी ठेली में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में जाकिर सड़क पर गिरकर घायल हो गए, जबकि बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल को एंबुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताते हुए घर भेज दिया। उधर प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात व्यक्ति का शव नजीबाबाद की मालन नदी मे तैरता हुआ मिला जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद हरिद्वार रोड स्थित मालन नदी में शुक्रवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। 24 जुलाई को दोपहर करीब 1 बजे घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों द्वारा तुरंत इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही भारी पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी नजीबाबाद अमित कुमार, एसएसआई अमर सिंह राठौड़, एसआई अनीश अहमद और एसआई अवधेश शर्मा तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष है और शव काफी सड़-गल चुका था, जिससे तीव्र दुर्गंध आ रही थी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनख्त (पहचान) कराने के प्रयास में जुटी है। इस घटना के दौरान मालन नदी के पुल पर लंबा जाम भी लग गया।

# श्रावण मास के दृष्टिगत कांवड़ मार्गों पर विशेष अभियान, ढाबों एवं होटलों का सघन निरीक्षण जारी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेर्शानुसार श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत जनपद के कांवड़ मार्गों पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए ढाबों, होटलों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार सघन निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य कांवड़ यात्रियों को स्वच्छ, शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराना है। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता एवं गुणवत्ता की जांच की गई तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर परीक्षण हेतु भेजे गए। खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि सभी ढाबों एवं होटलों के बाहर स्पष्ट रूप से रेट लिस्ट प्रदर्शित करें तथा भोजन, चाय, दूध एवं अन्य खाद्य सामग्री की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखें। साथ ही सभी खाद्य पदार्थों को ढककर रखने एवं स्वच्छ वातावरण में ही विक्रय करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष रूप से कुट्टू के आटे, खोया एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता, शुद्धता एवं ताजगी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की मिलावट अथवा खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कांवड़ मार्गों पर सतत निगरानी, नियमित निरीक्षण एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, जिससे कांवड़ यात्रा सकुशल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

## विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विजेताओं को किया सम्मानित

**मुख्य अतिथि सुनील सांगवान बोले- खेल शिक्षा का अभिन्न अंग, मैदान से मिलता है अनुशासन और आत्मविश्वास**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील सांगवान सिरसी (मंडल अध्यक्ष, भाजपा बहल) उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना स्योराण ने की। समापन समारोह में कृष्ण कुमार यादव (प्राचार्य), पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, समाजसेवी वीरेंद्र लाम्बा, जिला सचिव डॉ. विजेंद्र कसवां, पूर्व प्राचार्य बिमला स्योराण तथा विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक शिक्षा अध्यापक मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चहड़ कलां की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो अंडर-14 में बीआरसीएम बहल तथा रस्साकशी प्रतियोगिता में मॉडल संस्कृति स्कूल बहल विजेता रहा। वहीं 100 मीटर दौड़ में दीपिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुनील सांगवान ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। नियमित रूप से खेल मैदान में आने वाले विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर होता है और वे शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# आठ दिवसीय नि:शुल्क आरोग्य शिविर का हुआ समापन, सैकड़ों लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

## काले कंबल वाले बाबा के सानिध्य में चला जनसेवा अभियान, क्षेत्रवासियों ने कमेटी का जताया आभार

**आठ दिन तक उमड़ी मरीजों की भीड़, सफल आयोजन पर सहयोगियों और ग्रामीणों का किया धन्यवाद**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-लोहारू। अनाज मंडी रोड, लोहारू में काले कंबल वाले बाबा गणेश यादव के सानिध्य में आयोजित आठ दिवसीय नि:शुल्क आरोग्य शिविर का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। आठ दिनों तक चले इस जनसेवा अभियान में लोहारू, बहल सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रखने की अपेक्षा जताई। समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन गोदारा हांसीवाले ने बताया कि बहल में आयोजित सफल शिविर के बाद क्षेत्रवासियों की मांग पर लोहारू में इस आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आठ दिनों तक लगातार बड़ी संख्या में लोगों का पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि जनसेवा के इस अभियान को क्षेत्रवासियों का भरपूर विश्वास, स्नेह और सहयोग मिला। उन्होंने आयोजन समिति, सहयोगियों एवं सभी क्षेत्रवासियों का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। आयोजकों के अनुसार शिविर में गठिया, सर्वाइकल, उच्च रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), लकवा, पोलियो, निसंतान दंपतियों की समस्याएं, जोड़ों के दर्द सहित विभिन्न बीमारियों का नि:शुल्क परीक्षण, स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार किया गया। मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया गया। समापन अवसर पर क्षेत्रवासियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होते हैं। उन्होंने काले कंबल वाले बाबा, आयोजन समिति और सभी सहयोगियों का सफल एवं सुव्य वस्थित आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन गोदारा, मोहन चौधरी (बालोतरा, जोधपुर), भाजपा नेता कमलेश भोडूका, बहल पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन रामचंद्र टांडी, श्यामलाल शर्मा, शमशेर नेहरा, पूर्व सरपंच रमेश कुमार, वीरेंद्र सोनी, मास्टर दिनेश कुमार, परमवीर मोरका, रणसिंह गाढ़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# 6 किलो 900 ग्राम गांजा सहित चार तस्कर गिरफ्तार

## बोलेरो में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था गांजा, अपराध शाखा दादरी की कार्रवाई

**चारों आरोपी मिलकर करते थे तस्करी, एक पुलिस रिमांड पर व तीन न्यायिक हिरासत में भेजे गए**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

चरखी दादरी। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, आईपीएस के निर्देशन में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध शाखा दादरी पुलिस ने 6 किलो 900 ग्राम गांजा सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो गाड़ी भी बरामद की है, जिसका उपयोग कथित रूप से नशीले पदार्थ की तस्करी में किया जा रहा था। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि अपराध शाखा में तैनात एएसआई विशाल अपनी टीम के साथ महेंद्रगढ़ चौक क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि बोलेरो गाड़ी में सवार चार व्यक्ति भिवानी की ओर से गांजा लेकर महेंद्रगढ़ की तरफ जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने महेंद्रगढ़ चौक पर नाकाबंदी की और संदिग्ध बोलेरो को रोक लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान कर्मबीर, प्रमोद और अभिषेक निवासी मालड़ा बास (जिला महेंद्रगढ़) तथा सौरभ निवासी लावण के रूप में बताई। डीएसपी साहिल ढिल्लो (एचपीएस) की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी लेने पर बोलेरो की आगे वाली सीट के पास रखी एक पॉलिथीन से 6 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और बोलेरो को कब्जे में लेकर थाना शहर दादरी में आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां कर्मबीर को पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, जबकि प्रमोद, अभिषेक और सौरभ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे संयुक्त रूप से गांजा खरीदकर उसकी तस्करी करते थे और बिक्री से होने वाले मुनाफे को आपस में बराबर बांट लेते थे। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।

# नीट अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण, युवाओं की आवाज सुने सरकार: अशोक कुमार भारद्वाज



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार भारद्वाज ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं और युवतियों पर पुलिस एवं स्पेशल फोर्स द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज और अभद्र व्यवहार की निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश के लाखों छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में उनकी आवाज को बल प्रयोग से दबाने के बजाय संवेदनशीलता के साथ सुना जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से प्रदर्शन में शामिल बहन-बेटियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। अशोक कुमार भारद्वाज ने केंद्र सरकार से मांग की कि नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं की समस्याओं का समाधान संवाद और न्यायपूर्ण कार्रवाई से ही संभव है। सरकार को छात्रों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# अवैध देसी कट्टे सहित युवक गिरफ्तार

## स्पेशल स्टाफ चरखी दादरी की कार्रवाई, आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**रावलधी नहर पुल के पास घेराबंदी कर पकड़ा, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

चरखी दादरी। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, आईपीएस के निर्देशन में अपराध एवं अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ चरखी दादरी ने एक युवक को अवैध देसी कट्टे (पिस्टल) सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बलवान निवासी गांव रामबास, जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि स्पेशल स्टाफ की टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी के दौरान रावलधी चौक क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बलवान नामक युवक दादरी-रोहतक रोड पर रावलधी गांव के पास नहर पुल के निकट अवैध हथियार के साथ खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध युवक वहां से निकलने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसकी पायजामी की दाहिनी जेब से एक अवैध देसी कट्टा (पिस्टल) बरामद हुआ। पुलिस द्वारा हथियार का लाइसेंस मांगे जाने पर आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सांसद कुमारी सैल्जा की अध्यक्षता में बैठक आज

**समाज जागरण**



सिरसा/ कालांवाली 24 जुलाई (सुरेश जोरासिया) सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा की अध्यक्षता में शनिवार 25 जुलाई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक प्रातः 11 बजे स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित विभाग अपनी योजनाओं और कार्य की विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# राजेश गांधी छपार बने हरियाणा रोडवेज तोशाम सब डिपो कमेटी के प्रधान

## रोडवेज कर्मचारी यूनियन की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन

**नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया सम्मान, कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करने का लिया संकल्प**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

तोशाम। रोडवेज कर्मचारी यूनियन की ओर से शुक्रवार को तोशाम सब डिपो बस स्टैंड पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से हरियाणा रोडवेज तोशाम सब डिपो कमेटी का गठन किया गया, जिसमें परिचालक राजेश गांधी छपार को प्रधान चुना गया। बैठक में राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष मुकेश दूहन, प्रधान राजकुमार तालु, उपप्रधान अमित तालु, डिपो अध्यक्ष जगदीश फरमाना, संगठन सलाहकार रमेश बड़सी सहित तोशाम सब डिपो के रविपाल, सुरेश सूई तथा अन्य रोडवेज कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। नई कार्यकारिणी में सुरेश सूई को चेयरमैन, सुरेंद्र संडवा को वाइस चेयरमैन, राजेश गांधी छपार को प्रधान, चालक ईश्वर बलियाली एवं परिचालक राजकुमार बजीना को उपप्रधान बनाया गया। इसके अलावा चालक नरेश को सचिव, चालक सुदेश कुमार समोता को संगठन सलाहकार, बलवान को प्रेस प्रवक्ता, राजेश को ऑडिटर, विक्रम संडवा को कैशियर तथा सुरेंद्र को सह-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के बाद नवचयनित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ किया जाएगा तथा कर्मचारियों के हितों के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में रोडवेज कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेत पर घास काटने गई नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर घास काटने गई नाबालिग किशोरी के साथ ग्रामीण द्वारा अश्लील हरकत किए जाने के चलते मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि थाना बबराला के एक गांव में विगत दिवस 23 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे खेत पर घास काटने गई नाबालिग किशोरी को एक ग्रामीण द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब किशोरी ने भागने की कोशिश की तो उसने पकड़कर जमीन पर गिरा लिया। और उसके कपड़े फाड़ दिए। और जान से मारने की धमकी दी। वहीं किशोरी की मां ने बबराला थाने में तहरीर दी जिस पर बबराला थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बबराला थानाध्यक्ष लवनीश चौधरी ने बताया कि आरोपी अजयपाल के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के साथ पास्को एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नौजवान भारत सभा ने शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला :- कुलदीप जलालआना

**समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज के विरोध में नौजवान भारत सभा इकाई जलालआना के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। सभा के सदस्यों ने बताया कि पिछले 20 दिनों से हजारों छात्र नीट पेपर लीक के विरोध में और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। संसद मार्ग के दौरान पुलिस ने उन पर अमानवीय तरीके से लाठीचार्ज किया, जो लोकतंत्र में बेहद निंदनीय है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि शिक्षा मंत्री पद से तुरंत इस्तीफा दें और पेपर लीक के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर नौजवान भारत सभा अगुवाई कुलदीप जलालआना, हरदीप, रेशम सिंह, बंटी, धर्मप्रीत, गुरदीप सिंह, लवप्रीत सिंह, डीसी सिंह, मास्टर भूपिंदर जैन, बबु सिंह, यादविंदर सिंह और गांव से अनेकों लोग शामिल थे।

# श्रावण मास कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण

**कांवड़ मार्गों, मंदिरों एवं प्रमुख स्थलों का जायजा लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



**समाज जागरण**

संभल। श्रावण मास कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने जनपद के विभिन्न कांवड़ मार्गों, मंदिरों एवं प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सिरसी नगर पंचायत स्थित पक्षी विहार का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्थित झील का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को झील का चिन्हांकन कर उसके सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही यारा फर्टिलाइजर के प्रतिनिधियों से भी इस दिशा में सहयोगात्मक कार्यवाही करने को कहा। इसके उपरांत अधिकारियों ने निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं परिसर में संचालित गौ आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया तथा गोवंश के लिए भूसा एवं हरे चारे की उपलब्धता की जानकारी लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद सिरसी-बिलारी मार्ग के समीप नहर किनारे स्थित झील का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना हजरतनगर गढ़ी का भी निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके पश्चात मातीपुर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क किनारे जलभराव न होने पाए तथा झाड़ी कटान एवं साफ-सफाई का कार्य समय से पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मनौटा पुल पुलिस चौकी के समीप चौराहे का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी, असमोली को चौराहे पर हाईमास्ट अथवा मिनी हाईमास्ट लाइट स्थापित कराने के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग को सड़क पर टेबल-टॉप स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कांवड़ मार्गों के आबादी वाले क्षेत्रों में सड़कों के दोनों ओर जलभराव नहीं होना चाहिए। जहां आवश्यकता हो, वहां जल निकासी के लिए कच्चे नाले अथवा नालियों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने अकबरपुर गहरा में जल निकासी की व्यवस्था एवं सड़क की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए। इसके बाद परियावली पुलिस चौकी एवं भोलेश्वर पुलिस चौकी का निरीक्षण किया गया। भोलेश्वर पुलिस चौकी के समीप सड़क की मरम्मत कराने के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना राय शक्ति के पास ट्रांसफार्मर को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं विद्युत पोलों पर सुरक्षा की दृष्टि से ऊपर तक पॉलिथीन रैपिंग कराने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, सम्भल पहुंचकर कांवड़ यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द, क्षेत्राधिकारी सम्भल एवं असमोली, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह, खंड विकास अधिकारी सम्भल/असमोली प्रेमपाल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बबराला में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ,

## अब स्थानीय स्तर पर मिलेंगी सभी प्रमुख सुविधाएं

**समाज जागरण**

बबराला नगरवासियों को अब आधार कार्ड से जुड़े कार्यों के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शुक्रवार को नगर पंचायत बबराला परिसर में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि नगर पंचायत में आधार सेवा केंद्र शुरू होने से लोगों को एक ही स्थान पर आधार संबंधी सभी प्रमुख सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अब नागरिक नया आधार कार्ड बनवाने, आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारियों में संशोधन एवं अपडेट कराने जैसे कार्य नगर पंचायत परिसर में ही आसानी से करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से नगरवासियों का समय और धन दोनों की बचत होगी तथा आधार संबंधी कार्यों के लिए अन्य शहरों या दूरस्थ केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर पंचायत का प्रयास है कि नागरिकों को अधिक से अधिक जनसुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाएं, जिससे उन्हें बेहतर और त्वरित सेवाएं मिल सकें। आधार सेवा केंद्र के शुभारंभ पर नगर पंचायत के कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# बुग्गी से टकराई बाइक, तीन रिश्तेदार गंभीर, अलीगढ़ रेफर

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली की ओर जा रहे बाइक सवार तीन युवक गुरुवार रात करीब 9:15 बजे सेजना मुस्लिम के पास आगे चल रही बुग्गी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में बाइक चला रहे राजपाल सिंह (30) पुत्र दीवान सिंह निवासी गांव सिकरौरा खादर, थाना जुनावई, वीरेश (28) पुत्र सभाजीत निवासी गांव सालावतपुर, थाना जरीफनगर जनपद बदायूं तथा पन्नालाल (31) पुत्र सुल्तान सिंह निवासी गांव रामनगर टप्पा वैश्य, थाना जुनावई शामिल हैं। तीनों आपस में रिश्तेदार बताए गए हैं। बाइक सवार सेजना मुस्लिम के पास पहुंचे ही थे कि आगे चल रही बुग्गी से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कावड़ यात्रा को लेकर सड़क पर उतरा योगी का पुलिस अमला, एएसपी ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

आगामी महाशिवरात्रि को लेकर कावड़ यात्रा सकुशल कराने हेतु प्रशासन अलर्ट है गंगा घाट पर लगी बेरीकेडिंग व सड़क किनार खड़ी झाड़ियां, लाइटें व सीसीटीवी कैमरे समेत आदि जानकारी को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज रावत ने गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गंगा घाट राजघाट का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। 11 अगस्त को आगामी महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर कावड़ यात्रा को श्रद्धालुओं का गंगा घाट राजघाट पर हजारों श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है हजारों की तादात में गंगा घाट राजघाट से बदायूं अलीगढ़ मुरादाबाद आदि दूर दराज जिलों से श्रद्धालु जल अभिषेक हेतु गंगा घाट राजघाट पर स्नान करने के साथ साथ कावड़ लेने आते हैं जो पैदल व बाइकों से यात्रा करते हैं जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू की है

# डीएम-एसपी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**समाज जागरण**

संभल। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की साफ सफाई एवं अग्निशामक यंत्रों, सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

# लिफ्ट के बहाने लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, महिला समेत दो गिरफ्तार

**बीटा-2 थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई; 1.5 किलोग्राम गांजा, स्विफ्ट कार और ठगी की नकदी बरामद, दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था गिरोह**

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना बीटा-2 पुलिस ने लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों से ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आ-रोपियों के कब्जे से 1.5 किलोग्राम गांजा, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार तथा ठगी से प्राप्त 2,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गांजे की पुड़ियों की बिक्री का अवैध कारोबार भी करते थे।




### गोपनीय सूचना पर हुई कार्रवाई

पुलिस के अनुसार, 24 जुलाई 2026 को थाना बीटा-2 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर अंसल कट, गंदे नाले के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रतन पुत्र अविनाश, निवासी किशनगढ़ वास, अलवर (राजस्थान), वर्तमान निवासी कृष्णा वाटिका, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद तथा बरखा पुत्री संतोष कुमार, निवासी दिलशाद कॉलोनी, शाहदरा (दिल्ली) के रूप में हुई है।

### लिफ्ट देने के बहाने करते थे ठगी

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कम किराये पर गंतव्य तक छोड़ने या अन्य प्रकार का लालच देकर राहगीरों को अपनी कार में बैठा लेते थे। इसके बाद मौका मिलते ही उनके साथ ठगी कर नकदी और कीमती सामान हड़प लेते थे। इसी तरीके से दोनों आरोपी अवैध आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे थे।

### दो बड़ी ठगी की घटनाओं का खुलासा

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई वारदातों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि–
परीचौक से टप्पल छोड़ने के बहाने एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये की ठगी की थी।
सेक्टर-72 से सेक्टर-19 छोड़ने का झांसा देकर दूसरे व्यक्ति से लगभग 1.50 लाख रुपये ठग लिए थे।
इन घटनाओं के संबंध में संबंधित थानों में मुकदमे दर्ज हैं और पुलिस अन्य मामलों में भी आरोपियों की संलिप्तता की जांच कर रही है।

### गांजे की तस्करी भी करते थे आरोपी

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी इसी स्विफ्ट कार का उपयोग कर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में घूम-घूमकर गांजे की पुड़ियों की बिक्री करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया है।

### यह सामान हुआ बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से–
1 किलो 500 ग्राम गांजा
घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार
ठगी से प्राप्त 2,500 रुपये नकद बरामद किए हैं।

### एनडीपीएस और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज

आरोपियों के विरुद्ध थाना बीटा-2 में एनडीपीएस अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अलावा थाना सेक्टर-113 में दर्ज ठगी के मुकदमे में भी दोनों की संलिप्तता सामने आई है।

### अन्य साथियों की तलाश जारी

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अपरिचित व्यक्तियों की निजी गाड़ियों में बैठने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। (स्रोतः मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# ग्रेटर नोएडा में बेटे की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद

**नॉलेज पार्क थाना पुलिस की कार्रवाई; शराब के लिए पैसे मांगने को लेकर हुआ था विवाद, उपचार के दौरान हुई थी युवक की मौत**

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने अपने बेटे की गैर-इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद किया है।



### शराब के लिए पैसे मांगने पर हुआ था विवाद

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने थाना नॉलेज पार्क में दी गई तहरीर में बताया कि 20 जून 2026 को उस-का पति देवेन्द्र शराब के नशे में घर आया और बेटे करन से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। पैसे देने से इनकार करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।
अगले दिन 21 जून की सुबह करीब पांच बजे आरोपी दोबारा घर पहुंचा और विवाद के दौरान करन के सिर पर बांस के डंडे से हमला कर मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल करन को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान 22 जून 2026 को उस-का की मृत्यु हो गई।

### एक माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। 24 जुलाई 2026 को लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र पुत्र स्वर्गीय परमानंद को एक्सपोमार्ट से तुगलपुर जाने वाले मार्ग पर गंदे नाले की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद

पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद कर लिया। आरोपी मूल रूप से ग्राम गडौली, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं का रहने वाला है और वर्तमान में ग्राम तुगलपुर, थाना नॉलेज पार्क, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था।

### बीएनएस की धारा में दर्ज है मुकदमा

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना नॉलेज पार्क में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। (स्रोतः मीडिया सेल, पुलिस

# ग्रेटर नोएडा की 40 सोसाइटियों में लगेंगे विशेष प्लास्टिक बिन, पॉलीथीन मुक्त शहर बनाने की पहल

**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, किया इंडिया और आईपीसीए की संयुक्त पहल; प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, परिवहन और पुनर्चक्रण की होगी समुचित व्यवस्था**

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, संदीप गर्ग, ब्यूरो। ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ, सुंदर और पॉलीथीन मुक्त शहर बनाने की दिशा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किया इंडिया (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व-सीएसआर) और आईपीसीए के सहयोग से नई पहल शुरू की है। डेवलप रिस्पॉन्सिबल आउटलुक फॉर प्लास्टिक (डीआरओपी) योजना के तहत शहर की आवासीय सोसाइटियों में प्लास्टिक एवं पॉलीथीन कचरा एकत्र करने के लिए विशेष प्लास्टिक बिन लगाए जाएंगे।

योजना के प्रथम चरण में 40 आवासीय सोसाइटियों में निशुल्क विशेष प्लास्टिक बिन स्थापित किए जाएंगे। ये सभी सोसाइटियां बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में आती हैं।

### प्लास्टिक कचरे के लिए होगी अलग व्यवस्था

इन विशेष डस्टबिनों में एकत्र होने वाले प्लास्टिक कचरे को प्रतिदिन एक विशेष वाहन के माध्यम से संग्रहित कर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) संयंत्र तक पहुंचाया जाएगा, जहां उसका वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाएगा।
शुक्रवार को इस योजना का शुभारंभ करते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक (परियोजना) ए.के. सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह एवं सहायक प्रबंधक गौरव बघेल ने प्राधिकरण कार्यालय से प्लास्टिक कचरा संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

योजना के शुभारंभ अवसर पर प्राधिकरण के सभागार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस-के माध्यम से प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों को प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा उसके पुनर्चक्रण के प्रति जागरूक किया गया।
सभागार के बाहर प्लास्टिक कचरे से पुनर्चक्रित कर तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।




### सूखे और गीले कचरे का पृथक्करण जरूरी

महाप्रबंधक ए.के. सिंह ने कहा कि विशेष प्लास्टिक बिन उन्हीं सोसाइटियों में लगाए जाएंगे जहां पहले से सूखे और गीले कचरे का पृथक्करण (सेग्रिगेशन) किया जा रहा है।
सहायक प्रबंधक गौरव बघेल ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बल्क वेस्ट जेनरेटरों को कचरे का पृथक्करण और उसके वैज्ञानिक निस्तारण की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने प्रत्येक परिवार से घर में दो अलग-अलग डस्टबिन रखने और सूखे तथा गीले कचरे को अलग-अलग एकत्र करने की अपील की।

### प्लास्टिक के पुनः उपयोग पर रहेगा जोर

आईपीसीए के सचिव अजय गर्ग एवं उपनिदेशक डॉ. राधा गोयल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रेटर नोएडा में प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग को बढ़ावा देना तथा वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना है। इसके साथ ही लोगों को प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

### स्वच्छ शहर बनाने की अपील

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा केवल डस्टबिन में डालें तथा सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग रखें, ताकि ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ, सुंदर और पॉलीथीन मुक्त शहर बनाया जा सके।
कार्यक्रम में आईबीए के अध्यक्ष अमित उपाध्याय, विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। (रिपोर्ट : संदीप गर्ग, ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा)

# नोएडा में सागर मोटर्स का टाटा फ्लीट शोरूम शुरू,

**कॉर्पोरेट ग्राहकों को मिलेंगी आधुनिक मोबिलिटी सेवाएं**

समाज जागरण

नोएडा। टाटा मोटर्स के अधिकृत एवं अग्रणी डीलर सागर मोटर्स ने सेक्टर-49, नोएडा में अपने नए टाटा फ्लीट (कमर्शियल कार) शोरूम का शुभारंभ



किया। इस अवसर पर एक्सप्रेस सीएनजी और एक्सप्रेस टी ईवी कारों का अनावरण किया गया। कंपनी का कहना है कि यह नया शोरूम कॉर्पोरेट संस्थानों, फ्लीट ऑपरेटरों और व्यावसायिक ग्राहकों को आधुनिक एवं बेहतर मोबिलिटी समाधान उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेक्स्ट जेन रिफैक्ट्री के संस्थापक आकाश बंसल ने दोनों नए मॉडलों का अनावरण करते हुए कहा कि ये वाहन भविष्य की स्मार्ट, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### ग्राहकों को मिलेगा विश्वस्तरीय अनुभव

टाटा मोटर्स के वरिष्ठ प्रबंधक आशीष गोगिया ने कहा कि सागर मोटर्स के नए फ्लीट शोरूम का शुभारंभ कंपनी की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसका उद्देश्य कॉर्पोरेट एवं फ्लीट ग्राहकों को विश्वस्तरीय बिक्री एवं बिक्री उपरांत सेवाएं उपलब्ध कराना है। सागर मोटर्स के प्रबंध निदेशक वरुण सागर ने बताया कि नया शोरूम आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल ग्राहक सेवा, प्रीमियम वाहन प्रदर्शन क्षेत्र, प्रशिक्षित बिक्री टीम तथा उत्कृष्ट बिक्री उपरांत सेवा से सुसज्जित है। इसे विशेष रूप से फ्लीट ऑपरेटरों, कॉर्पोरेट संस्थानों, टैक्सी एग्रीगेटर कंपनियों और व्यावसायिक ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है।

### विशेष ऑफर भी उपलब्ध

शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए सीमित अवधि तक आकर्षक वित्तपोषण योजनाएं, एक्सचेंज लाभ, विशेष कॉर्पोरेट ऑफर, फ्लीट छूट तथा चुनिंदा ग्राहकों के लिए विशेष बुकिंग लाभ भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने की सहभागिता

उद्घाटन समारोह में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, कॉर्पोरेट ग्राहकों, व्यापारिक साझेदारों तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने नए शोरूम का अवलोकन किया और टाटा मोटर्स के नवीनतम फ्लीट वाहनों की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। नए फ्लीट शोरूम के माध्यम से सागर मोटर्स का लक्ष्य नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में कॉर्पोरेट एवं व्यावसायिक परिवहन क्षेत्र को आधुनिक, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल वाहन उपलब्ध कराना है।

# दिव्यांग कांवड़िया मोहित गुर्जर युवाओं के लिए बने प्रेरणा - मच्छेंद्रपुरी महाराज

## एक पैर खोया, पर हौसला नहीं — मोहित गुर्जर लाखों युवाओं के लिए बने प्रेरणा

ग्राउंड रिपोर्टः रवींद्र आर्य
समाज जागरण

गाजियाबादः हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले मोहित गुर्जर ने दिव्यांग होने के बावजूद अटूट साहस और पक्के विश्वास का परिचय देते हुए युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरे हैं।
24 जुलाई, 2026 को गाजियाबाद के हिंडन विहार बालाजी मंदिर के संत मच्छेंद्रपुरी महाराज के आध्यात्मिक मार्गदर्शन में कांवड़ यात्रा शुरू हुई। इस मौके पर मोहित गुर्जर ने अपनी शारीरिक चुनौतियों से ऊपर उठकर पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कांवड़ यात्रा में भाग लिया। उनका संकल्प और साहस यह संदेश देता है कि यदि किसी में मजबूत इच्छाशक्ति और ईश्वर में अटूट विश्वास हो, तो सफलता के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती।
मोहित गुर्जर का प्रेरणादायक प्रयास समाज–और विशेषकर युवाओं–के लिए एक सकारात्मक उदाहरण है, जो दिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी साहस, विश्वास और समर्पण के साथ आगे बढ़ा जा सकता है।
सोनीपतः हरियाणा के मोहित गुर्जर ने साबित कर दिया है कि मजबूत इच्छाशक्ति के सामने बड़ी से बड़ी मुश्किलें भी छोटी पड़ जाती हैं।
उन्हें 2010 में बोन कैंसर (हड्डी का कैंसर) का पता चला था। इलाज के बाद उन्होंने अपनी ज़िंदगी को फिर से संवारा, लेकिन 2015 में कैंसर





दोबारा लौट आया। इस बार, उनकी जान बचाने के लिए डॉक्टरों को उनका एक पैर काटना पड़ा।
इतनी बड़ी चुनौती के बावजूद, मोहित ने हार नहीं मानी। उन्होंने बा-ॅडीबिल्डिंग को अपना लक्ष्य बनाया और लगातार कड़ी मेहनत से देश भर में कई प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता हासिल की।

अब तक उन्होंने मिस्टर इंडिया (10 बार), मिस्टर नॉर्थ इंडिया (11 बार), मिस्टर हरियाणा (7 बार), मिस्टर यूपी (3 बार) और मिस्टर सोनीपत (2 बार) के खिताब जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने मंजुला क्लासिक, बॉस क्लासिक और शेरू क्लासिक जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते हैं। मोहित गुर्जर ने अपने खेल करियर में लगभग 200 गोल्ड मेडल जीते हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ, कोई भी बाधा किसी व्यक्ति को उस-का लक्ष्य पाने से नहीं रोक सकती।
आज, मोहित गुर्जर की कहानी देश भर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वे यह संदेश देते हैं कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हों, हिम्मत और कड़ी मेहनत से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। इस सफर में उनके साथ जुड़े लोगों में भोला मोहित गुर्जर, केडी हिंदू, तरुण तंवर, विशाल, मुकुल, जितेंद्र, कपिल, अंशु, गौरव, सौरव, सुमित, कन्हैया, सोनू और जोगिंदर शामिल हैं।

# टीएमयू की डॉ. सुषमा सिंह का शोध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में प्रकाशित

## पश्चिमी हिमालयी राज्यों में नवीकरणीय ऊर्जा की संभावनाओं, चुनौतियों और नीतिगत सुधारों पर किया महत्वपूर्ण अध्ययन

समाज जागरण

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू), मुरादाबाद के कृषि विज्ञान महा-विद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुषमा सिंह ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध-पत्र "भारत के पश्चिमी हिमालयी राज्यों में नवीकरणीय ऊर्जा की संभावनाओं का दोहन : अवसर एवं चुनौतियाँ" प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन स्प्रिंगर नेचर की शोध पत्रिका पर्यावरण विज्ञान एवं प्रदूषण अनुसंधान में प्र-काशित हुआ है।
इस शोध में डॉ. सुषमा सिंह ने उत्त-राखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सौर, जलविद्युत, पवन, जैव-ईंधन (बायोमास) तथा भू-तापीय ऊर्जा की उपलब्ध संभावनाओं, उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों तथा आवश्यक नीतिगत सुधारों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया है। अध्ययन में पर्वतीय क्षेत्रों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट एवं जलवायु-अनुकूल ऊर्जा नीतियों की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया है।

### स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान

यह शोध संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-7 (सभी के लिए सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा) की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। इस उपलब्धि से न केवल कृषि विज्ञान महाविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग, बल्कि तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा भी बढ़ी है।

### जम्मू-कश्मीर में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएँ

शोध के अनुसार पश्चिमी हिमालयी राज्यों में नवीकरणीय ऊर्जा के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन क्षेत्रीय परिस्थितियों और नीतिगत बाधाओं के कारण उनका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। अध्ययन में बताया गया है कि जम्मू-कश्मीर में लगभग 111 गीगावाट सौर ऊर्जा की अप्रयुक्त क्षमता मौजूद है, जबकि उत्तराखंड को छोड़कर अन्य राज्यों में इसका उपयोग अपेक्षाकृत बहुत कम है।

### जलविद्युत के समक्ष बढ़ रही हैं नई चुनौतियाँ

शोध में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश में लगभग 10.5 गीगावाट जलविद्युत क्षमता स्थापित है, लेकिन ग्लेशियरों के पिघलने तथा जलवायु परिवर्तन के कारण जल प्रवाह में बढ़ती अनिश्चितता बड़ी परियोजनाओं के लिए चुनौती बन रही है। ऐसे में नदी के प्राकृतिक प्र-वाह पर आधारित लघु जलविद्युत परियोजनाओं को अधिक उपयुक्त माना गया है।

### भू-तापीय ऊर्जा का अभी तक नहीं हो सका समुचित उपयोग






अध्ययन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पवन और जैव-ईंधन ऊर्जा का उपयोग अभी सीमित है, जबकि भू-तापीय ऊर्जा की पर्याप्त संभावनाएँ होने के बावजूद उसका अपेक्षित दोहन नहीं हो पाया है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियाँ, कमजोर संस्थागत समन्वय और दूरस्थ क्षेत्रों के लिए उपयुक्त आधारभूत संरचना का अभाव इसके प्रमुख कारण बताए गए हैं।

### शोध में सुझाए गए महत्वपूर्ण सुधार

डॉ. सुषमा सिंह ने अपने शोध में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इनमें– भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप अनुदान नीति, प्रदर्शन आधारित नीतिगत व्यवस्था, एकल खिड़की (सिंगल विंडो) स्वीकृति प्रणाली, हिमालयी क्षेत्रों के लिए समर्पित ऑफ-ग्रिड नवीकरणीय ऊर्जा मिशन, जलवायु-अनुकूल अभिकल्प (डिजाइन) मानक, तथा राज्य-विशिष्ट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य निर्धारित करने जैसे सुझाव शामिल हैं।

### स्वच्छ ऊर्जा का अग्रणी क्षेत्र बन सकता है पश्चिमी हिमालय

शोध में निष्कर्ष निकाला गया है कि यदि क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप संवेदनशील एवं दूरदर्शी नीतियाँ लागू की जाएँ, तो पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र देश में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का अग्रणी केंद्र बन सकता है। इससे ऊर्जा सुरक्षा सुदृढ़ होगी, पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

## कार से 512 लीटर देशी शराब बरामद,कार जप्त तस्कर फरार

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद) नबीनगर (बिहार) शराबबंदी को लेकर नबीनगर प्रखंड के बड़ेंम थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने कार से देशी शराब की बड़ी खेप बरामद कर वाहन को जब्त कर ली है। हालांकि पुलिस को देखकर तस्कर फरार हो गया।बड़ेंम थाना पुलिस को रहरा गांव के समीप गुप्त सूचना मिली कि एक कार से भारी मात्रा में शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की।पुलिस को आते देख कार सवार तस्कर वाहन छोड़कर भाग निकला। तलाशी के दौरान कार से कार्टून में रखे कुल 512 लीटर देशी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि शराब और कार को जप्त कर थाना लाया गया है।

# उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए व्यापार सुगमता पर जोर, सिंगल विंडो प्रणाली को प्रभावी बनाने के निर्देश

### किशनगंज में जिलाधिकारी नवीन कुमार ने की व्यापार सुधार कार्य योजना की समीक्षा, समयबद्ध एवं पारदर्शी स्वीकृतियों पर दिया बल

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज। जिले में औद्योगिक विकास को गति देने, निवेश को प्रोत्साहित करने तथा उद्यमियों के लिए पारदर्शी एवं सुगम व्यावसायिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में 'व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस)' एवं 'जिला व्यापार सुधार कार्य योजना' की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राज्य एवं जिला व्यापार सुधार कार्य योजना तथा सिंगल विंडो प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उद्योगों और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि उद्यमियों को अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं का सामना न करना पड़े।

**समयबद्ध और पारदर्शी स्वीकृतियों पर जोर**

समीक्षा बैठक में भूमि आवंटन, भवन मानचित्र स्वीकृति, व्यापार लाइसेंस, औद्योगिक विद्युत कनेक्शन, पर्यावरणीय स्वीकृति, अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अनुमतियों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृतियां डिजिटल, पारदर्शी और निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



**सिंगल विंडो प्रणाली को बनाया जाए प्रभावी**

जिलाधिकारी ने कहा कि सिंगल विंडो प्रणाली को पूरी तरह प्रभावी बनाया जाए, ताकि उद्यमियों को एक ही मंच पर सभी आवश्यक विभागीय सेवाएं और अनुमतियां आसानी से मिल सकें। उन्होंने नए उद्यमियों और स्टार्टअप इकाइयों के लिए निवेश-अनुकूल वातावरण विकसित करने पर भी विशेष बल दिया।

**रोजगार सृजन प्रशासन की प्राथमिकता**

जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि किशनगंज में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र और स्टार्टअप प्रकोष्ठ को निर्देश दिए कि नए उद्यमियों को मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराया जाए, जिससे जिले में उद्योग और व्यापार को नई गति मिल सके।

बैठक में जिला उद्योग केंद्र, स्वास्थ्य विभाग, जीएसटी, कृषि, अग्निशमन, उत्पाद, बैंकिंग, नाबार्ड, विद्युत विभाग, नगर परिषद, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा), स्टार्टअप प्रकोष्ठ तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## NEET एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों से किशनगंज पुलिस की शांति बनाए रखने की अपील

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। ठएएळ एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित संभावित विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर किशनगंज पुलिस ने छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से शांति, संयम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

पुलिस ने जारी अपील में कहा है कि परीक्षा से संबंधित किसी भी समस्या, असंतोष अथवा शिकायत को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से संबंधित सक्षम प्राधिकार के समक्ष रखें। किसी भी परिस्थिति में अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं अथवा सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे साझा करें।

पुलिस ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का अनुरोध किया है। साथ ही किसी भी प्रकार के उपद्रव, तोड़फोड़, आगजनी, सड़क जाम, सरकारी अथवा निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने एवं विधि-व्यवस्था भंग करने जैसी गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई है।

जारी अपील में कहा गया है कि समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए केवल विधिसम्मत एवं शांतिपूर्ण माध्यम अपनाएं तथा किसी भी असामाजिक तत्व अथवा अफवाह फैलाने वाले के बहकावे में न आएं। अभिभावकों से भी अपने बच्चों को हिंसक गतिविधियों या उपद्रव में शामिल होने से रोकने का अनुरोध किया गया है, ताकि उनके भविष्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

किशनगंज पुलिस ने कहा है कि यदि किसी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित कोई सूचना प्राप्त होती है, तो इसकी जानकारी तत्काल निकटतम थाना या पुलिस को दें। किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 पर संपर्क किया जा सकता है।

# 'उड़ता बिहार' की ओर बढ़ता सीमांचल ? टेऊसा पंचायत में स्मैक के कथित बढ़ते नेटवर्क से चिंता

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। 24 जुलाई। फिल्म 'उड़ता पंजाब' में जिस तरह नशे के बढ़ते जाल ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था, उसी तर्ज पर अब सीमांचल के किशनगंज जिले की टेऊसा पंचायत को लेकर भी ग्रामीण गंभीर चिंता जता रहे हैं। उनका आरोप है कि क्षेत्र में स्मैक का कथित अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है और बड़ी संख्या में युवा इस्की गिरफ्त में आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो बिहार में भी नशे की समस्या भयावह रूप ले सकती है।



ग्रामीणों के अनुसार टेऊसा पंचायत स्थित नरसिंग डागा फार्म हाउस तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में नशेड़ियों और कथित तस्करों का जमावड़ा लगा रहता है। उनका दावा है कि कई स्थानों पर खुलेआम स्मैक का सेवन किया जाता है, जिससे आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उनका कहना है कि नशे की लत के कारण कई परिवार आर्थिक, सामाजिक और मानसिक संकट से जूझ रहे हैं तथा क्षेत्र में चोरी जैसी छोटी आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हुई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे होने के कारण नशीले पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा मिल रहा है। उनके अनुसार संगठित नेटवर्क के माध्यम से स्मैक की छोटी-छोटी पुड़ियाएं विभिन्न इलाकों तक पहुंचाई जा रही हैं। कुछ ग्रामीणों का यह भी दावा है कि कई ई-रिक्शा (टोटो) चालक सार्वजनिक स्थानों पर नशा करते देखे जाते हैं। सुबह और शाम कई स्थानों पर नशा करने वालों के जमावड़े से आम लोगों के आवागमन और दैनिक जीवन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पुलिस एवं मादक पदार्थ नियंत्रण से जुड़े विभागों से विशेष अभियान चलाकर कथित तस्करी नेटवर्क का खुलासा करने, संभावित अड्डों पर लगातार छापेमारी, सघन गश्त और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि केवल छोटे तस्करों पर कार्रवाई करने के बजाय पूरे नेटवर्क और उसकी आपूर्ति श्रृंखला को ध्वस्त करना आवश्यक है, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# पटना के फतुहा में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

### ट्रक व पिकअप से 14 लाख की विदेशी शराब और बीयर बरामद, तस्कर फरार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के भिकुआ के समीप शुक्रवार सुबह मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने शराब तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।



विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक ट्रक और एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब और बीयर बरामद की है। जब्त की गई शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब 14 लाख रुपये आंकी गई है। उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि वाहनों के जरिए शराब की एक बड़ी खेप फतुहा के रास्ते खपाई जाने वाली है। इस इनपुट के आधार पर इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने भिकुआ के पास सघन घेराबंदी कर एक ट्रक और पिकअप को रुकवाया। जब वाहनों की तलाशी ली गई, तो उनमें छिपाकर रखी गई विदेशी शराब और बीयर की पेटियों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ।कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग की भनक लगते ही शातिर तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। हालांकि, टीम ने उनका पीछा भी किया, लेकिन वे हाथ नहीं आए। इसके बाद अधिकारियों ने दोनों वाहनों और शराब को अपने कब्जे में ले लिया।उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जब्त वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर और अन्य दस्तावेजों के आधार पर फरार तस्करों की पहचान की जा रही है। इसके अलावा, तस्करी के इस पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। विभाग का कहना है कि शराब तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## औरंगाबाद मे डीएम के आदेश के बाद 25-26 जुलाई को सभी शिक्षण संस्थान बंद

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद) नबीनगर (बिहार)जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की




सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिला दण्डाधिकारी अभिलाषा शर्मा, भा.प्र.से.ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार 25 जुलाई, 2026 और 26 जुलाई, 2026 को औरंगाबाद जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, प्री-स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः बंद रहेंगे इस दौरान किसी भी शिक्षण संस्थान में पठन-पाठन, कोचिंग या कोई भी शैक्षणिक गतिविधि संचालित नहीं होगी।जिला प्रशासन ने सभी शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित अवधि में अपने संस्थान बंद रखते हुए आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।साथ ही अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे जारी आदेश का पालन करें और जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।जिला प्रशासन द्वारा जारी यह आदेश 25 जुलाई, 2026 की सुबह से 26 जुलाई, 2026 की रात तक प्रभावी रहेगा।अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बच्चों को इन दो दिनों में घर पर ही रखें।

## बारुण-नबीनगर मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, चालक घायल




दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद) नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार के कारण एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक ट्रक चालक घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 1:30 बजे बारुणझनबीनगर मुख्य सड़क पर उरदाना मोड़ के समीप पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे वाली वाली ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे ।इस दुर्घटना में पीछे वाली ट्रक का चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों और पीछे से आ रही अन्य गाड़ियों के चालकों की की मदद से उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर और पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## नवीनगर पुलिस की कार्रवाई, फुठहरवा गांव से एक अजमानती वारंटी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद) नबीनगर (बिहार)न्यायालय के आदेश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत नवीनगर थाना पुलिस ने एक अजमानती वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।थानाध्यक्ष को मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नवीनगर थाना क्षेत्र के फुठहरवा गांव में छापेमारी की। इस दौरान न्यायालय से जारी अजमानती वारंट पर फरार चल रहे एक व्यक्ति को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार वारंटी की पहचान अशोक चौहान है।पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति को आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

## पटना के पालीगंज के मुखिया संघ अध्यक्ष आनंद कुमार गिरफ्तार

### भाकपा-माले ने सरकार पर बोला हमला

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ पटना में हाल ही में हुए छात्र आंदोलन में कथित संलिप्तता के आरोप में पुलिस ने पालीगंज के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह कल्याणपुर-पैपुरा पंचायत के मुखिया और भाकपा-माले नेता आनंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के बाद से पालीगंज क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मुखिया आनंद कुमार को गांधी मैदान थाने की पुलिस और तकनीकी टीम (टेक्निकल सेल) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। भाकपा-माले के जिला सचिव कमलेश कुमार ने इस कार्रवाई को सरकार की तानाशाही और अलोकतांत्रिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के समय परिजनों और पार्टी को यह जानकारी नहीं दी गई कि पुलिस की कौन सी टीम उन्हें ले गई है और कहां रखा गया है। माले नेता ने दावा किया कि आनंद कुमार उस छात्र आंदोलन में शामिल भी नहीं थे। पार्टी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस तरह की दमनात्मक कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाई जाए और उन्हें बिना शर्त रिहा किया जाए। साथ ही, पालीगंज बाजार के तमाम जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे इस तानाशाही के खिलाफ सड़कों पर उतरें, क्योंकि किसी भी छात्र आंदोलन में हिस्सा न लेने के बावजूद जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। भाकपा-माले ने आरोप लगाया कि बिहार को बुलडोजर राज, एनकाउंटर राज और मोब लिंचिंग राज में बदला जा रहा है। पार्टी ने राजनीतिक दुर्भावना के तहत माले विधायक संदीप सौरभ और विधान पार्षद शशि यादव को झूठे मुकदमों में फंसाए जाने की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। माले नेताओं ने चेतावनी दी है कि जनता की मांगों के लिए आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करने वाली इस सरकार के खिलाफ पार्टी सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आंदोलन चलाएगी।

## पटना के मसौढ़ी के बारा पैक्स चुनाव में महिलाओं का दिखा भारी उत्साह

### कड़ी सुरक्षा के बीच 4085 मतदाताओं ने किया मतदान

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी प्रखंड के नक्सल प्रभावित भगवानगंज क्षेत्र स्थित बारा पैक्स के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हो गया। इस चुनाव में महिला मतदाताओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया और अधिकांश मतदान केंद्रों पर पुरुषों की तुलना में महिलाओं की लंबी कतारें नजर आईं। क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए कुल छह मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां कुल 4085 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह से ही मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार के समर्थन में मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। बारा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प और त्रिकोणीय है। चुनावी मैदान में निवर्तमान अध्यक्ष सहजानंद शर्मा, कौशल कुमार और नंदू प्रसाद यादव अपनी-अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव को लेकर तीनों प्रत्याशियों के समर्थकों में पूरे दिन भारी उत्साह



और जोश बना रहा। चूंकि यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित है और पूर्व के चुनावों के दौरान यहां हिंसक झड़पों की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, इसलिए प्रशासन ने इस बार सुरक्षा के बेहद व्यापक इंतजाम किए थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल के नेतृत्व में सभी मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई थी, जिससे मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में फिलहाल मतगणना के परिणामों की घोषणा पर रोक लगा दी गई है। अदालत के अगले आदेश के बाद ही चुनाव परिणाम सामने आएंगे।

## पटना के दानापुर में 309 ग्राम गांजा और 69 पीस गोगो के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ दानापुर पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज करते हुए एक बड़े तस्कर को धर दबोचा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर खगौल रोड फुट ओवरब्रिज के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पुरानी पानापुर, अकिलपुर निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। दानापुर डीएसपी अजित कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खगौल रोड फुट ओवरब्रिज के पास अवैध रूप से मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की और अनिल कुमार को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 309 ग्राम गांजा और 69 पीस गोगो (नशीला पदार्थ) बरामद किया गया। पुलिस गिरफ्तार तस्कर से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस अवैध कारोबार का नेटवर्क किन-किन लोगों से जुड़ा हुआ है.

## बिहार बंद से पहले भाकपा-माले विधायक संदीप सौरभ सहित 19 गिरफ्तार, 43 हिरासत में

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ नीट पेपर लीक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आइसा और अन्य छात्र संगठनों द्वारा 25 जुलाई को बुलाए गए 'बिहार बंद' के आह्वान से ठीक पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार की देर रात से शुरू हुए ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान में पुलिस ने भाकपा-माले के पालीगंज विधायक संदीप सौरभ समेत 19 छात्र नेताओं और कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में तीन युवतियां भी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर दो दर्जन से अधिक पुलिस टीमों ने पटना विश्वविद्यालय के हॉस्टल, लॉज, अशोक राजपथ, भिखना पहाड़ी और मुसल्लहपुर जैसे प्रमुख इलाकों में बड़े पैमाने पर दबिश दी। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र से विधायक संदीप सौरभ को हिरासत में लिया। गिरफ्तार होने वालों में आइसा के बिहार राज्य अध्यक्ष धनंजय कुमार, राज्य सचिव दीपांकर मिश्रा, उपाध्यक्ष सबा आफरीन और मीडिया प्रभारी कुमार दिव्यम भी शामिल हैं। इसके अलावा, पुलिस ने 43 अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है जिनकी संलिप्तता की छानबीन की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह गिरफ्तारियां 22 जुलाई को हुए उपद्रव और हिंसा के मामलों में की गई हैं।

गौरतलब है कि 22 जुलाई को छात्रों ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया था। इस दौरान उग्र प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज, वाटर कैनन और अश्रु गैस के गोले छोड़े थे। इस सिलसिले में कोतवाली, सचिवालय, शास्त्रीनगर और गांधी मैदान थानों में कुल 22 प्राथमिकी (त्रक्र) दर्ज की गई थीं।

25 जुलाई के बंद के मद्देनजर किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। राजधानी समेत पूरे प्रदेश के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा और गश्त बढ़ा दी गई है ताकि कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रहे।

## पटना के दानापुर में दिनदहाड़े बदमाशों ने जमीन कारोबारी युवक को गोली मारकर की हत्या

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ दानापुर थाना क्षेत्र के इमलीतल गली में शुक्रवार की शाम बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक को दो गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान पारस थाना क्षेत्र के पारास निवासी स्व. राम बाबू सिंह के 40 वर्षीय इकलौते पुत्र सोनू सिंह के रूप में हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनू सिंह मूल रूप से पारस का रहने वाला था, लेकिन वह भट्ठीपर निवासी सुरेंद्र सिंह उर्फ भिखारी सिंह का इकलौता भांजा था। वह बचपन से ही अपनी मां शशिकला देवी के साथ ननिहाल (भट्ठीपर) में ही रहता था और फिलहाल पारस से ही आना-जाना कर जमीन का कारोबार करता था। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार बजे सोनू किसी काम से इमलीतल गली में गया था। इसी दौरान घात लगाए बदमाशों ने उसके पेट और कमर में दो गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पीएमसीएच में इलाज के दौरान सोनू की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मां शशिकला देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों का आरोप है कि इस तंग गली में अक्सर स्मैकरों का जमावड़ा लगा रहता है और आए दिन यहां हंगामा व झगड़ा होता रहता है। मौके पर पहुंचे डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि घटना स्थल एक संकीर्ण गली है जहां खून के धब्बे मिले हैं। हत्या के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पटना के दानापुर में अपराध की बड़ी योजना बना रहा एक बदमाश गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ दानापुर थाना क्षेत्र के ऑटो स्टैंड के पास स्थित एक खंडहरनुमा भवन में किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे एक बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा है। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर उसके अन्य साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। गिरफ्तार आरोपी की पहचान न्यू ताराचक निवासी सूरज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्तौल, एक जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। दानापुर डीएसपी अजित कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को बीते रात गुप्त सूचना मिली थी कि ऑटो स्टैंड के पास कुछ संदिग्ध बदमाश अवैध हथियारों के साथ एकत्र होकर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं।

इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए खंडहरनुमा भवन पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां हड़कंप मच गया और कई बदमाश भाग निकले, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सूरज सिंह को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए।

पुलिस गिरफ्तार बदमाश सूरज सिंह से पूछताछ कर उसके फरार साथियों की तलाश में जुटी है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पर्यटन विभाग का रामेश्वर धाम में लगा साइनेज बोर्ड का पोल गिरने की आशंका

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। रामेश्वर तीर्थ धाम में पर्यटन विभाग द्वारा लगाया गया साइनेज बोर्ड का पोल नीचे से सड़ जाने से गिरने के कगार पर पहुंच गया है। जिससे यात्रियों सहित स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है।ज्ञातव्य हो कि पंचक्रोशी तीर्थ यात्रा मार्ग के जीर्णोद्धार व विस्तारीकरण के तहत पर्यटन विभाग ने जगह - जगह लाल पत्थर के प्रस्तर व स्मारक स्तम्भ के साथ-साथ यात्रियों के सुविधार्थ साइनबोर्ड सहित सड़क किनारे दोनो तरफ लोहे के खम्भों को लगाकर संकेतक के तौर पर साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं। अभी दो साल भी नहीं हुआ घटिया लोहे का खम्भा जंग खाकर सड़ गया है जिसके गिरने की प्रबल संभावना है।रामेश्वर मन्दिर के पीठाधीश्वर पूजारी आचार्य प0



अन्नू तिवारी ,उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता व प्रधान प्रतिनिधि रामप्रसाद के अनुसार सावन मेला सामने आने वाला है।इस दौरान यदि तेज आंधी व बरसात हुआ तो साइनेज बोर्ड गिरने की संभावना है। मेले के सुगम व्यवस्था को देखते हुए पर्यटन विभाग तत्काल प्रभाव से पोल को बदलने का कार्य कराए। शुभम सिंह ने कहा कि मलमास के दौरान घटिया व कमीशनबाजी के चलते देहली विनायक में पत्थर का बना स्तम्भ ढह गया था।संयोग था कि कोई जनहानि नहीं हुई। सावन मेला शुरू होने से पूर्व पर्यटन विभाग जनहित में बदलने का कार्य करे। मेला के दौरान यदि बोर्ड गिरने से जान माल के नुकसानी के लिए विभाग जबाबदेह होगी।

जल्द ही प्रदेश सरकार द्वारा कंडम घोषित जर्जर पुल सहित अन्य समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल एसडीएम राजातालाब से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा।

# वस्त्र उद्योग में कौशल विकास और रोजगार में महिलाओं की अहम भूमिका

*200उम्मीदवारों सहित 28 अन्य महिलाओं का हुआ चयन।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

जन विकास समिति, मुर्दहा, वाराणसी ने अरविंद लिमिटेड के सहयोग से मुर्दहा और सेवापुरी में मोबिलाइजेशन एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया।इस शिविर में अरविंद लिमिटेड की तकनीकी टीम द्वारा कुल 245 महिलाओं और किशोरियों की स्क्रीनिंग की।

शिविर का उद्देश्य वस्त्र उद्योग में कौशल विकास और रोजगार हेतु उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान करना था। टीम ने प्रतिभागियों की तत्परता का आकलन किया ताकि




उन्हें तुरंत उद्योग में नियुक्त किया जा सके। कुल 200 उम्मीदवारों को चुना गया, जिन्हें सात से 45 दिन के प्रशिक्षण द्वारा अरविन्द कंपनी में काम करने के हेतु लिया जायेगा । इसके अतिरिक्त, 28 महिलाओं एवं किशोरियों को भी फैक्ट्री में गैर तकनीकी भूमिकाओं के लिए चयनित किया गया। जन विकास समिति (जेवीएस), मुर्दहा, वाराणसी अपने प्रांगण में 100 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाला एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है। यह सहयोग ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और सतत

आजीविका के अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी

# भारत की राष्ट्रपति ने भारत - रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित किया

'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर बढ़ती हमारी विकास-यात्रा अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों, निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए अपार अवसर उपलब्ध कराती है: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

रोमानिया की कंपनियों को भारत की विकास-यात्रा में सक्रियतापूर्वक भाग लेना चाहिए: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज, 24 जुलाई 2026 को बुखारेस्ट में भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रोमानिया के राष्ट्रपति महामहिम श्री निकुसोर डैन, रोमानिया सरकार के सदस्यगण, भारत और रोमानिया के बिजनेस लीडर्स तथा दोनों देशों के उद्योग संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप के प्रमुख संपर्क बिंदु पर स्थित रोमानिया, अपनी रणनीतिक स्थिति, अत्यन्त कुशल मानव संसाधन, उन्नत औद्योगिक क्षमता और यूरोपीय संघ के साथ सुदृढ़ एकीकरण के कारण भारत का एक स्वाभाविक और महत्त्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। रोमानिया न केवल निवेश के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है, बल्कि यह वृहत्तर यूरोपीय बाजार का प्रवेश द्वार भी है। उन्होंने कहा कि इस मंच में बड़ी संख्या में भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की

भागीदारी, रोमानिया में विद्यमान अवसरों के प्रति भारतीय उद्योगों के बढ़ते विश्वास और रोमानियाई व्यवसायों के साथ स्थायी साझेदारी बनाने की उनकी इच्छा को व्यक्त करती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापार और आर्थिक सहयोग, भारत और यूरोपीय संघ की समकालीन साझेदारी का प्रमुख आधार हैं। लगभग दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार और लगभग 25 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था के साथ, भारत

यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दुनिया की सबसे महत्त्वपूर्ण आर्थिक साझेदारियों में से एक है। इसका उद्देश्य व्यापारिक एकीकरण को और गहरा करना,




निवेश के प्रवाह में तेजी लाना तथा सशक्त एवं विविधतापूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करना है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एफटीए का शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत महत्त्वपूर्ण होगा। इससे कारोबार के लिए विश्वसनीय परिवेश तैयार होगा, मूल्य श्रृंखलाओं का एकीकरण मजबूत होगा तथा दोनों पक्षों के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), स्टार्टअप और नवाचारकताओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ह्यविकसित भारत 2047ह्ल का हमारा संकल्प, स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का है। इस यात्रा से अंतरराष्ट्रीय साझेदारी, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत, कर व्यवस्था को सरल बनाकर और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी पहलों के माध्यम से पारदर्शी, विश्वसनीय और निवेशकों के अनुकूल कारोबारी वातावरण तैयार करने की दिशा में लगातार कदम उठा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और रोमानिया के बीच ऊर्जा सुरक्षा और ग्रीन ट्रांजिशन (पर्यावरण-अनुकूल परिवर्तन) के क्षेत्र में सहयोग की बहुत गुंजाइश है। रसायन और उर्वरक उद्योग में रोमानिया की क्षमताओं को देखते हुए इस क्षेत्र में भी दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं। भारत का विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, तेजी से बढ़ता स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और सूचना प्रौद्योगिकी में नेतृत्व, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, साइबर-सिक्योरिटी, रिसर्च और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में रोमानिया की खूबियों के साथ मिलकर काम कर सकता है। हमारी कंपनियों के लिए ट्रांसपोर्टेशन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में भी सहयोग के अवसर हैं, जिनमें पोर्ट, रेलवे, हाईवे, लॉजिस्टिक्स पार्क और मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट शामिल हैं। हम फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्रों में भी सहयोग को और मजबूत कर सकते हैं।

राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत और रोमानिया के कारोबारी समुदाय इन नए अवसरों का फायदा उठाएंगे और उन्हें सफल वाणिजयिक साझेदारियों में बदलेंगे। उन्होंने रोमानियाई कंपनियों से भारत की विकास यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारे कारोबार सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखलाएं बना सकते हैं, रोजगार पैदा कर सकते हैं, नवाचार को बढ़ावा दे सकते हैं और हमारे लोगों के लिए दीर्घस्थायी समृद्धि ला सकते हैं।

# मंत्रिमंडल ने रसायन पार्क योजना "भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन (भव्य रसायन) को मंजूरी दी"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन या भव्य-रसायन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में की गई थी। इस योजना के लिए कुल 3,030 करोड़ रुपये का वित्तीय आवंटन किया जाएगा जिसमें से 3,000 करोड़ रुपये पार्क की भीतरी अवसंरचना सुविधाओं और बुनियादी उपयोगिताओं की स्थापना की लागत को पूरा करने और 30 करोड़ रुपये प्रशासनिक व्यय के रूप में आवंटित किए जाएंगे। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगी।केंद्र सरकार उक्त योजना के तहत प्रत्येक पार्क के लिए संबंधित राज्य सरकार की ओर से न्यूनतम 500 करोड़ रुपये का योगदान करने के बाद 1,000 करोड़ रुपये तक का अनुदान प्रदान करेगी ।

# विश्व की सबसे बडी अन्न भंडारण योजना के ध्वजवाहक होने का गौरव सहकारिता के पास : सुरेंद्र कुमार मौर्य

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।**

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी सुरेंद्र कुमार मौर्य ने शुक्रवार को लेढ़ुवाई तथा जक्खिनी बीपैक्स के अंतर्गत निर्मित हो रहे 100 मीट्रिकटन क्षमता के गोदामो का निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त ने सर्वप्रथम सेवापुरी मे लेढ़ुवाई बीपैक्स अंतर्गत बन रहे 100 एमटी गोदाम का निरीक्षण किया ,तथा सचिव और मौके पर मौजूद ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए।



सहायक आयुक्त ने कहा कि किसी भी निर्माण कार्य मे समयबद्धता के साथ साथ गुणवत्ता का ध्यान सबसे ज्यादा जरूरी है। सहायक आयुक्त ने समिति मे संचालित जनऔषधिकेन्द्र तथा समिति के अभिलेखो का भी अवलोकन किया।

सहायक आयुक्त ने कहा कि जनऔषधिकेन्द्रो की सफलता ने बीपैक्स की भूमिका को ग्रामीण क्षेत्र मे और भी विस्तारित किया है।

सहायक आयुक्त ने आराजीलाईन ब्लाक अंतर्गत बीपैक्स मिजार्मुराद तथा उसके जनऔषधिकेन्द्र का भी निरीक्षण किया।उन्होने कहा कि जनऔषधिकेन्द्र की

सफलता दवाईयो की गुणवत्ता के साथ साथ बीपैक्स और सचिव पर जनविश्वास को भी रेखांकित करती है। सहायक आयुक्त द्वारा जक्खिनी बीपैक्स अंतर्गत 100 मीट्रिकटन के गोदाम के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया गया। सहायक आयुक्त ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी अन्नभंडारण योजना का ध्वजवाहक बनने का गौरव सहकारिता विभाग के पास है।इस योजना का उदेश्य पैक्स की प्रचालन क्षमता और आय को बढ़ाना और उन्हे बहुसेवाकेन्द्रो मे बदलना है।पैक्स की इस बढ़ती हुई भूमिका का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना तथा कृषि संचालित विकास मे सकारात्मक योगदान देना है। निरीक्षण के दौरान एडीसीओ लालजी,विजयकुमार

,सचिव विभूतिनारायण श्रीवास्तव ,राहुल सिंह ,विवेक सिंह 'सोनू' इत्यादि मौजूद रहे।

# सीएम डैषबोर्ड में सी0 व डी0 श्रेणी पाने वाले विभागीय अधिकारी सुधारात्मक कार्यवाही कर जुलाई माह की प्रगति में लाए अपेक्षित प्रगति, अन्यथा होगी कड़ी कार्यवाही -मण्डलायुक्त

## मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री डैषबोर्ड मण्डल अनुश्रवण पुस्तिका विकास कार्यो, राजस्व एवं कानून व्यवस्था के कार्य प्रगति की जूम मीटिंग कर ली जानकारी

**उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो निराकरण-निवेष मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों पर करे प्रभावी कार्यवाही**

**श्रावण मास में कावंड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के लिए हो समुचित व्यवस्था, सभी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक गंगा/अन्य नदियों के घाटों सहित कावंण यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर कराएं उपलब्ध कराएं सुरक्षा व जन सुविधाएं**

**समाज जागरण**

मीरजापुर /मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेष प्रकाष ने आज अपने कार्यालय से जूम मीटिंग के माध्यम से जनपद के तीनो जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जूम बैठक कर मुख्यमंत्री डैषबोर्ड, विकास कार्य, राजस्व कार्य, कानून व्यवस्था व चकबन्दी कार्यो के प्रगति की समीक्षा के साथ ही वन भूमि प्रकरणों से आच्छादित/प्रभावित लम्बित परियोजनाओं तथा अन्य विलम्बित परियोजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा कर जानकारी ली। बैठक में जूम के जिलाधिकारी मीरजापुर पवन कुमार गंगवार, जिलाधिकारी सोनभद्र चर्चित गौड़, जिलाधिकारी भदोही शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौषिक, सोनभद्र अभिषेक वर्मा, भदोही अभिनव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विषाल कुमार, सोनभद्र जागृति अवस्थी, भदोही बाल गोविन्द शुक्ला, संयुक्त विकास आयुक्त रमेष चन्द्र, अपर आयुक्त प्रषासन राज कुमार द्विवेदी, उप निदेषक अर्थ एवं संख्या राम नरायन यादव सहित अन्य सम्बनिधत जूम माध्यम से जुड़े रहें। मण्डलायुक्त ने समीक्षा बैठक में सबसे पहले कानून व्यवस्था के सम्बंध में बैठक करते हुए तीनों जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देषित करते हुए कहा कि श्रावण मास में अपने-अपने जनपदों में कावंण यात्रा से सम्बन्धित घाटों/गंगा घाटों जहां से श्रद्धालुओं के द्वारा जल लेकर प्रमुख मन्दिरों में जाया जाता है उक्त घाटों/मार्गो का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर घाटों पर बैरीकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाष व्यवस्था, साफ सफाई व अन्य जन सुविधाएं जहां आवष्यकता हो प्राथमिकता पर सुनिष्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जलाभिषेक वाले मन्दिरों पर बैरीकेटिंग सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध हो ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत, पेयजल, प्रकाष आदि व्यवस्थाएं जहां आवष्यकता समझी जाए समय रहते पूर्ण करा ली जाए। यदि कहीं किसी प्रकार की



अव्यवस्था/समस्या उत्पन्न होने की स्थिति हो तो समय रहते समाधान करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि कावंड़ यात्रियों को कही से किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। समीक्षा के दौरान तीनों जनपदो के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपने-अपने जनपदो से सम्बन्धित कावंड़ यात्रा तैयारियों के सम्बंध में जानकारी दी। मण्डलायुक्त ने सीएम डैषबोर्ड विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान ऐसे विभाग जिनका सीएम डैषबोर्ड अनुश्रवण पुस्तिका के अनुसार सी0 व डी0 रैंक प्राप्त हुए है ऐसे विभागीय अधिकारी जुलाई माह में समय रहते अपने कार्य प्रगति में अपेक्षित सुधार लाए अन्यथा कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। राजस्व वादों व राजस्व वसूली के सम्बंध में भी मण्डलायुक्त ने राजस्व वसूली की माहवार कार्य योजना तैयार कर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने का निर्देष देते हुए कहा कि राजस्व वादों के लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण करने का प्रयास किया जाए। कुछ जनपदों की स्थिति खराब है उसमें सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। बैठक में गोवध अधिनियम, गैंगेस्टर,

महिला अपराध, गुण्डा एक्ट आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। विकास परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान वन भूमि से आच्छादित/प्रभावित परियोजनाओं में जिलाधिकारी मीरजापुर द्वारा बताया गया कि बकहर नदी पर पुल निर्माण कार्य का समाधान करा लिया गया है शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ होगा। मण्डलायुक्त ने जनपद मीरजापुर के हलिया ब्लाक के हलिया मतवार मार्ग को जिलाधिकारी वन अधिकारियों के साथ बैठक कर अविलम्ब समाधान कराएं। इसी प्रकार अन्य जनपदों में भी वन से प्रभावित पयोजनाओं का प्रभागीय वनाधिकारी समाधान कराया जाए। तीनों जनपदों में विभिन्न लम्बित परियोजनाओं में जनपद में मीरजापुर में 22, भदोही में 15 तथा सोनभद्र के 13 निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देष देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा के अन्दर परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाए। जल जीवन मिषन, फैमिली आई0डी0, आई0सी0डी0एस0, ग्रामीण सड़क, स्टेडियम आदि की बिन्दुवार समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त द्वारा स्वास्थ्य योजनाओं के प्रगति की कार्यवाही में तीनो जनपदो में जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियो के भुगतान पर बल देते हुए कहा कि समय पर भुगतान न होना दयनीय स्थिति है अतएव सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी प्राथमिकता पर भुगतान सुनिष्चित कराएं। इसी प्रकार आषाओं के भुगतान को भी समय पर कराने का निर्देष दिया। बैठक में एफएसटी, एफआरयू, आरसीएच पोर्टल, टी0वी0 मुक्त अभियान, आयुष्मान भारत की भी

समीक्षा की गई।मण्डलायुक्त ने मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक भी जूम माध्यम से की। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देषित किया कि निवेष पोर्टल को प्रभावी बनाते हुए उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए ताकि उद्यमियों को इधर-उधर भटकना न पड़े। मण्ड लायुक्त ने कहा कि उद्योग स्थापित होने से क्षेत्र का चहुमुखी विकास होता है तथा स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। बैठक में मुख्यमंत्री उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वारोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना की भी बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की गई।

# ऑपरेशन अज्ञात: 63 वाहनों का चालान, 11 सीज

**समाज जागरण**

मीरजापुर /परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में दिनांक 23 जुलाई, 2026 व 24 जुलाई, 2026 को "आपरेशन अज्ञात" चलाया गया। जिसमें प्रदेश में संचालित बिना नम्बर प्लेट / विकृत नम्बर प्लेट/मानक विहीन नम्बर प्लेट / बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही के दिए गये निर्देश के अनुक्रम में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मीरजापुर के पर्यवेक्षण में जनपद के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रो में चेकिंग अभियान चलाया गया।

बिना नम्बर प्लेट/विकृत नम्बर




प्लेट/मानक विहीन नम्बर प्लेट / बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट एंव अन्य अभियोगों में 63 वाहनों का चालान करते हुए 11 वाहनों को जनपद के विभिन्न थानो में निरूद्ध किया गया। इसके अतिरिक्त बिना प्रपत्र एवं ओवरलोड संचालित वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही की गयी। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा बिना प्रपत्र/ओवरलोड तथा बिना नम्बर/बिना एचएसआरपी संचालित वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये है।

इस अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), प्रथम, यात्री/ मालकर अधिकारी-प्रथम एवं यात्री/मालकर अधिकारी द्वितीय सहित परिवहन विभाग के प्रवर्तन पर्यवेक्षक व प्रवर्तन सिपाही सम्मलित रहें।

# एड्स के प्रति जागरूकता के दृष्टिगत मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

मीरजापुर / उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति लखनऊ के आदेशानुसार जनपद मिजार्पुर में युवाओं को एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए 5 किलोमीटर की एक रेड रन मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन होना है जो कि पीएसी गेट बरौधा से शुरू होकर आरटीओ ऑफिस होते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय परिसर के फुटबॉल स्टेडियम में दो बार चक्कर लगाने के पश्चात समाप्त होगी विजेताओं को नगद धनराशि के साथ-साथ स्टेट तथा नेशनल लेवल रेड रन मैराथन में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा सभी 17 वर्ष से 25 वर्ष के युवाओं से दिए गए ऑनलाइन लिंक पर रजिस्ट्रेशन करके 30 जुलाई 2026 को प्रातः 7 बजे से प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं यह जानकारी दिशा के मंडल प्रभारी डॉक्टर अमित चौहान ने दी है।

# विद्युत रूप से रिचार्ज होने वाली जिंक-एयर बैटरी के लिए नई तकनीक विकसित

वैज्ञानिकों ने एक नया नैनोफ्लुइड इलेक्ट्रोलाइट विकसित किया है, जो विद्युत रूप से रिचार्ज होने वाली जिंक-एयर बैटरी के कैथोड की कार्यक्षमता बढ़ाने में सक्षम है। यह तकनीक भविष्य की अधिक सुरक्षित, कम लागत और पर्यावरण-अनुकूल उन्नत बैटरियों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण है।

यह इलेक्ट्रोलाइट तीन महीने से अधिक समय तक स्थिर रहता है और इसे सीधे जिंक-एयर बैटरी के निर्माण में उपयोग किया जा सकता है। बड़े पैमाने पर ऊर्जा भंडारण (ग्रिड-स्केल स्टोरेज) के लिए भी यह उपयुक्त है और भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने में सहायक हो सकता है।

अब तक जस्ते को क्षरण से बचाने के लिए महंगे संक्षारण-रोधी रसायनों का उपयोग होता था, पर इससे बैटरी में ऑक्सीजन की रासायनिक अभिक्रियाओं की गति प्रभावित होती थी और उसकी कार्यक्षमता कम हो जाती थी। तंजावुर के सास्त्रा डीम्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस चुनौती का प्रभावी समाधान विकसित किया है। उन्होंने

सामान्य इलेक्ट्रोलाइट में बहुत कम मात्रा में सामान्य सिलिका और जिंक ऑक्साइड के नैनोकण मिलाकर एक नया नैनोफ्लुइड इलेक्ट्रोलाइट तैयार किया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के नैनो एवं उन्नत सामग्री प्रभाग के सहयोग से किए गए इस अनुसंधान में अनावश्यक हाइड्रोजन गैस बनने की प्रक्रिया नियंत्रित की गई, जिंक के क्षरण को रोका गया और कैथोड पर ऑक्सीजन की रासायनिक अभिक्रिया अधिक प्रभावी बनाई गई। इससे कम लागत में बैटरी के दोनों इलेक्ट्रोड से जुड़ी प्रमुख समस्याओं का समाधान संभव हो गया। इस तकनीक को भारतीय पेटेंट -IN570691) प्राप्त हो गया है और यह व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए तैयार है।

स्वच्छ ऊर्जा भंडारण की बढ़ती वैश्विक आवश्यकता के बीच एक्वियस बैटरियां, लिथियम-आयन बैटरियों के सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प के रूप में उभर रही हैं। अधिक ऊर्जा भंडारण क्षमता, कम लागत और जल-आधारित रसायन के कारण विद्युतीय रिचार्ज होने वाली जिंक-एयर बैटरी का विशेष महत्व है।

सास्त्रा डीम्ड विश्वविद्यालय के डॉ. एस. देवराज के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की टीम ने जिंक-एयर बैटरी की दो प्रमुख तकनीकी चुनौतियों पर काम किया। पहली, जिंक एनोड पर अनावश्यक हाइड्रोजन गैस का बनना, जिससे ऊर्जा घटने से धातु का क्षरण बढ़ता है। दूसरी, वायु कैथोड पर ऑक्सीजन की धीमी अभिक्रिया, जिसके कारण महंगे प्लैटिनम या रूथेनियम आधारित उत्प्रेरकों की आवश्यकता पड़ती है। इन चुनौतियों के समाधान के लिए वैज्ञानिकों ने नैनोफ्लुइड इलेक्ट्रोलाइट विकसित किया और पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्वों से बने द्विकार्यात्मक उत्प्रेरक तैयार किए, जो ऑक्सीजन अपचयन

और ऑक्सीजन उत्सर्जन दोनों प्रक्रियाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करते हैं। वैज्ञानिकों ने अपशिष्ट पदार्थों से उपयोगी इलेक्ट्रोड सामग्री विकसित करने में भी सफलता प्राप्त की।

शोध में को सबसे प्रभावी उत्प्रेरक पाया गया। इसकी विशेष सुरंगनुमा संरचना की वजह से इसका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इसमें तांबे की बहुत कम केवल 2 प्रतिशत मात्रा मिलाने से इसकी क्षमता और बढ़ गई तथा इसका प्रदर्शन प्लैटिनम और रूथेनियम जैसे महंगे व्यावसायिक उत्प्रेरकों से भी बेहतर पाया गया।

# सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने पूरे देश में 1 जुलाई से 15 जुलाई, 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 1 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का आयोजन किया, जिसमें मंत्रालय के सभी प्रभागों, संबद्ध, अधीनस्थ और स्वायत्त संगठनों तथा देशभर में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत स्वच्छता शपथ दिलाने तथा स्वच्छता, पर्यावरणीय स्थिरता और प्रभावी कार्यस्थल प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक स्वच्छता अभियान के साथ हुई। कार्यालय स्वच्छता अभियान, अभिलेखों की छंटाई और पुराने अभिलेखों की समीक्षा, अप्रचलित तथा अनुपयोगी वस्तुओं के निस्तारण, डिजिटल हाउसकीपिंग तथा ई-ऑफिस प्रथाओं को बढ़ावा देने जैसी गतिविधियों को शामिल करते हुए विस्तृत दिन-वार कार्य योजना तैयार की गई। कार्यालय परिसर के वातावरण में सुधार तथा कार्यस्थल की स्वच्छता को बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया गया। पखवाड़े के दौरान मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों और कार्यालयों के साथ-साथ देशभर में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों ने वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता जागरूकता अभियान, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ, निबंध और

पोस्टर प्रतियोगिताएँ, रैलियाँ, श्रमदान कार्यक्रम तथा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सामुदायिक संपर्क पहल सहित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। मंत्रालय ने भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप एकल-उपयोग प्लास्टिक में कमी, कचरे का पृथक्करण, पुनर्चक्रण तथा सतत अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं से संबंधित पहल भी की। पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं तथा नवाचारी पहलों का दस्तावेजीकरण किया गया और उन्हें पूरे मंत्रालय में प्रसारित किया गया, ताकि सफल स्वच्छता पहलों को व्यापक रूप से अपनाने और संस्थागत रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। स्वच्छता पखवाड़े का समापन 15 जुलाई 2026 को आयोजित एक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में मंत्रालय की गतिविधियों, उपलब्धियों की साझेदारी तथा स्वच्छता की संस्कृति को सुदृढ़ करने में विभिन्न कार्यालयों और अधिकारियों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदानों को सम्मानित किया भी कि या गया। मंत्रालय एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक सतत भारत के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करता है तथा सभी अधिकारियों और हितधारकों से स्वच्छता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान करता है।

# डिजिटल दौर में साइबर ठगी से बचने सजगता जरूरी : माया विश्वलाल

**पैरालीगल वॉलेंटियर्स को साइबर सुरक्षा और ई-कोर्ट सेवाओं का प्रशिक्षण, ऑनलाइन न्यायिक सुविधाओं का दिया गया व्यावहारिक ज्ञान**



**समाज जागरण**

अनूपपुर, 23 जुलाई। बढ़ते डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन सेवाओं के दौर में साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता बेहद जरूरी है। नागरिक सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाएं और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति हमेशा सजग रहें। यह बात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष माया विश्वलाल ने पैरालीगल वॉलेंटियर्स के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार होटल मंदाकिनी में सीआईएस, साइबर सुरक्षा एवं ई-कोर्ट सेवाओं से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पैरालीगल वॉलेंटियर्स को डिजिटल न्यायिक सेवाओं की जानकारी देने के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने पर जोर माया विश्वलाल ने कहा कि तकनीक ने जहां आम नागरिकों के लिए अनेक सेवाओं को आसान बनाया है, वहीं ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में व्यक्तिगत एवं महत्वपूर्ण जानकारियों की सुरक्षा के साथ संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों से सावधान रहना आवश्यक है। उन्होंने पैरालीगल वॉलेंटियर्स से साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

ई-कोर्ट की सुविधाओं का लाइव डेमो प्रशिक्षण के दौरान सिस्टम ऑफिसर पवन सिंह ने ई-कोर्ट की विभिन्न ऑनलाइन सुविधाओं की व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने केस स्टेटस देखने, ई-फाइलिंग, ई-पे सहित अन्य डिजिटल न्यायिक सेवाओं का लाइव प्रदर्शन करते हुए इनके उपयोग की प्रक्रिया समझाई। साथ ही बताया कि इन सुविधाओं के माध्यम से नागरिक घर बैठे न्यायालय से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां और सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। आमजन तक पहुंचाएं डिजिटल न्याय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रावेन्द्र सोनी ने पैरालीगल वॉलेंटियर्स को विधिक सहायता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कानूनी सहायता और न्यायिक सेवाओं की जानकारी पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका है। उन्होंने स्वयंसेवकों से ई-कोर्ट एवं अन्य डिजिटल न्यायिक सुविधाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक नागरिकों को इन सेवाओं से जोड़ने का आह्वान किया।

# पुलिस को धता बताकर वैन संचालक कर रहे, उच्च न्यायलय एवं यातायात नियमों का उल्लंन

**समाज जागरण**

अनूपपुर पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत मुराब ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये यातायात पुलिस को विशेष निर्देश देकर
यातायात नियमों एवं उच्चतम न्यायलय द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का उल्लंन करने वाले स्कूल वाहन संचालन करने वालो पर विगत दिनों चालानी कार्यवाही कर शासन द्वारा जारी निदेर्शों का सख्ती से पालन करने की सख्त हिदायत दी थी,लेकिन कुछ स्कूल वैन संचालक पुलिस को धता बताकर उक्त कार्यवाही से बच निकले, एवं चैकिंग अभियान बंद होने पर पुनः वैन का संचालन बैखोफ होकर कर रहे हैं, सात सीटर वैन गाड़ी में 20 से 25 बच्चों को ठूस-ठूस कर भरकर मासूमों की जान से खिलवाड़ कर अपने धंधे में मसगूल हैं, अभिभावकों के आपत्ति लेने पर स्कूलों के लिये वाहन उपलब्ध न होने के कारण बोल देते हैं कि आप अपने बच्चे को स्कूल जैसे भेजना हो भेजो में तो 20 से 25 बच्चे अपनी वैन में ले जाऊंगा।जबकि वाहन का आरटीओ कार्यालय में पंजीयन व्यवसायिक में न होकर प्राइवेट में पंजीबद्ध हैं




और उक्त वैन में उच्च न्यायलय के आदेश के अनुसार ना तो वैन की खिड़की में जाली,रंग पीला, आगे पीछे स्कूल वाहन लिखा होना ,न ही चालक का मोबाईल नंबर,चालक के अलावा परिचालक, महिला अटेंडर ,उपयुक्त दवाइयों के साथ प्राथमिक उपचार किट,पूर्ण वैधता वाला फायर सिलेंडर,तय मापदण्ड अनुसार स्पीड गवर्नर, सीसीटीव्ही, जीपीएस, विद्यार्थियों की सूची, अभिभावकों के नाम,घर का पता मोबाईल नंबर,वाहन चालक ड्रेस कोड में हो एवं वाहन की क्षमता से अधिक बच्चे वाहन में न हो में से एक भी निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा हैं,उक्त वैनों का संचालन सुबह चचाई से एम. जी.एम स्कूल एवं दोपहर को स्कूल से चचाई के लिये बेखौफ किया जा रहा हैं।

# जिले का शिक्षक आज भी चतुर्थ क्रमोन्नत- समयमान वेतनमान के लाभ से वंचित

**( चार माह गये गुजरने के बाद भी नहीं जारी हो सकी पात्र शिक्षकों की चौथी क्रमोन्नत सूची)**

**समाज जागरण**

कटनी /जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कटनी में शिक्षकों के आर्थिक हित से जुड़े प्रकरणों को किस तरह से जानबूझकर लटका कर रखा जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण, पैंतीस वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को प्राप्त होने वाले चतुर्थ क्रमोन्नत- समयमान वेतनमान से होने वाले लाभ से महरूम शिक्षकों के घाव को समझकर सहज ही लगया जा सकता है ।तत संबंध में राज्य शासन स्तर से विगत अप्रैल माह में जारी चतुर्थ क्रमोन्नत-समयमान वेतनमान के आदेश के परिपालन में आज तक जिला शिक्षा अधिकारी कटनी द्वारा पात्र शिक्षकों की सूची तक जारी न कर पाने से जिले के शिक्षकों का धैर्य अब सवाल जबाव करने पर तुला है। शिक्षकों द्वारा बताया गया है,कि इस संबंध में विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधिओं द्वारा जिला शिक्षा प्रशासन कटनी से पात्र शिक्षकों को यथाशीघ्र लाभ प्रदान करने हेतु अनेकों- अनेक बार लिखित और मौखिक दोनों प्रकार से अनुनय-विनय किया जाता रहा है। परिणामतः हर बार प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षक प्रतिनिधिओं को यह कहकर आश्वासन रूपी झुनझुना पकड़ाया जाता रहा, कि बस इसी सप्ताह पात्र शिक्षकों की सूची निकल जायेगी। किन्तु अनेकों अनेक बार मिले आश्वासन के बाद भी आज पर्यन्त तक पात्र शिक्षकों की सूची जारी न होने से शिक्षक संवर्ग भीषण आर्थिक नुकसान के दौर से गुजरते हुये, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मंथरगतीय कार्य प्रणाली पर सवाल निशान खड़ा कर रहा है। अधिकारी- कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रांतीय प्रवक्ता मार्तण्ड सिँह राजपूत और समग्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने शिक्षकों के साथ हो रहे जमकर आर्थिक अन्याय पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुये,शिक्षकों की पीड़ा अब आयुक्त लोक शिक्षण संस्थान भोपाल दरबार सहित सी.एम. हेल्पलाइन में अधिक से अधिक शिक्षकों से शिकायत दर्ज करवा कर सुस्त पड़ी कार्यवाही में जान फूँकने की रणनीति पर कार्य करना प्रारंभ किया जा चुका है। वहीं कुछ पदाधिकारियों द्वारा इस प्रक्रिया में हो रहे अनावश्यक विलंब को जिला शिक्षा अधिकारी की कुर्सी मेंअचानक हुये फेरबदल को भी उत्तरदायी मान के यह चल रहे हैं ।कतिपय शिक्षक प्रतिनिधियों का मानना है कि शिक्षकों के पदोन्नति सूची जारी होने के पहले उनकी चौथी क्रमोन्नति सूची जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी कर दी जायेगी। अब जानकारों के दिल और दिमाक में एक ही सवाल कौंध रहा है, कि जिले में पूर्व पदस्थ प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी का प्रभार छिनने के बाद अब जब उत्तम स्थिति के जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में एस. एन.पाण्डेय को शिक्षा विभाग की जबाबदारी मिल चुकी है,तब शिक्षकों को उनके हक से महरूम रखना कहाँ का न्याय है? जबकि कटनी में पहले से रह चुके नवागत जिला शिक्षा अधिकारी की छवि हमेशा से ही, चुस्त दुरुस्त और शिक्षक केंद्रित रही है।

किन्तु उनके द्वारा एक पखवाड़े से ज्यादा समय से कार्यभार ग्रहण कर जिले के शिक्षकों का कार्य निपटाने में भरोषा रखने के बाद भी शिक्षकों के आर्थिक हित से जुड़े इस बहुप्रतिक्षित कार्यवाही को अंजाम तक पहुँचाने में उनकी रूचि का अभाव शिक्षक प्रतिनिधियों के समझ के परे है ।बहरहाल कुछ भी हो शिक्षकों को शासन स्तर से मिले लाभ को यथा शीघ्र लाभान्वित कराने की जिम्मेदारी नवागत जिला शिक्षा अधिकारी के साथ साथ जिला प्रशासन की भी बनती है।

# 'नशा मुक्त मध्य प्रदेश' पर सवालः शहडोल में कथित अवैध शराब बिक्री से बढ़ी चिंता

**समाज जागरण**

शहडोल। मध्य प्रदेश सरकार प्रदेश को "नशा मुक्त मध्य प्रदेश" बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव युवाओं को नशे से दूर रखने और अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते रहे हैं। इसके बावजूद शहडोल जिले में गांव-गांव तक कथित रूप से अवैध शराब की बिक्री और प्यकारी होने के आरोप सामने आए हैं, जिससे अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लाइसेंस प्राप्त दुकानों के अलावा भी कई गांवों में अवैध रूप से शराब उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने के साथ-साथ घरेलू हिंसा, आर्थिक संकट और सामाजिक समस्याओं में भी वृद्धि हो सकती है। महिलाओं और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और विभाग की ओर से कोई औपचारिक बयान भी सामने नहीं आया है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ

आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि केवल औपचारिक छापेमारी नहीं, बल्कि गांव स्तर तक निगरानी और जागरूकता अभियान चलाकर ही नशा मुक्ति के लक्ष्य को प्रभावी बनाया जा सकता है।

# जिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन , की शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

**समाज जागरण**

जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार, 24 जुलाई को गांधी चौक, कोतमा में शिक्षा व्यवस्था में अनियमितताओं, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से आहत छात्रों की मौत, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों एवं युवाओं के साथ हुई कथित सरकारी बर्बरता और अभद्रता के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उपस्थित जनों को पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल, जनपद सदस्य रेखा राठौर, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पंचायती राज संगठन जिला अध्यक्ष संध्या वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा, युवा




कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मो. नदीम ने संबोधित किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन युवा नेता रफी अहमद ने किया।

विरोध प्रदर्शन के उपरांत जिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी कोतमा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार देश में हाल ही में छात्रों, विपक्षी नेताओं एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ हुई घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों एवं भारतीय संविधान की भावना के प्रतिकूल हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसदों, वरिष्ठ नेताओं एवं छात्रों के साथ की गई कथित दमनात्मक कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि छात्र एवं युवा अपने भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठा रहे थे, किन्तु उनके साथ किया गया व्यवहार निंदनीय एवं अस्वीकार्य है। ज्ञापन में कहा गया कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज को बलपूर्वक दबाना संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात है। ऐसी घटनाओं से देश के युवाओं में भय एवं असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न होता है तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास कमजोर पड़ता है।

ज्ञापन के माध्यम से जिला कांग्रेस ने निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं जिसमें पहली मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा लिया जाए अथवा उन्हें पद से बर्खास्त किया जाए। दूसरी मांग परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं एवं व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा कर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। तीसरी मांग नई दिल्ली में छात्रों एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध दर्ज सभी एफआईआर एवं आपराधिक प्रकरण तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएँ। तथा चौथी मांग जंतर-मंतर, नई दिल्ली में छात्राओं के साथ कथित अभद्रता करने वाले पुलिस अधिकारियों तथा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार एवं लाठीचार्ज में शामिल जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

अंत में जिला कांग्रेस कमेटी ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से लोकतंत्र की गरिमा, संविधान की मूल भावना तथा देश के युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए इस गंभीर विषय में हस्तक्षेप करते हुए न्यायोचित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया। ज्ञापन का वाचन वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा ने किया।

# बदलते मौसम में उड़द फसल पर रोगों का बढ़ा प्रकोप, कृषि विज्ञान केन्द्र ने किसानों को दी सामयिक सलाह

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। बदलते मौसम और लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) के वैज्ञानिकों ने दमोह विकासखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर किसानों की फसलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर उड़द की फसल में रोग एवं कीट प्रकोप की समस्या सामने आई, जिसके नियंत्रण के लिए वैज्ञानिकों ने किसानों को आवश्यक तकनीकी सलाह दी।

वैज्ञानिकों ने बताया कि अधिक वर्षा के कारण कई खेतों में उड़द फसल पर येलो मोजेक वायरस (Yellow Mosaic Virus) का प्रकोप देखा गया है। यह रोग सफेद मक्खी के माध्यम से फैलता है, जिससे पौधों की पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके नियंत्रण के लिए किसानों को थायोमेथाक्सॉन 25 WG का 100 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई।

इसके अलावा कुछ खेतों में उड़द फसल में पर्ण दाग (पत्ती धब्बा) रोग भी पाया गया। इस रोग से पत्तियों पर भूरे एवं काले धब्बे बन जाते हैं, जिससे पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है। इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए वैज्ञानिकों ने Azoxystrobin 18.2% + Difenoconazole 11.4% SCका 200 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की कि वे नियमित रूप से अपनी फसलों का निरीक्षण करते रहें तथा रोग या कीट के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर तत्काल वैज्ञानिक सलाह के अनुसार दवा का प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने किसानों को मौसम की स्थिति के अनुरूप फसल प्रबंधन अपनाने और कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संपर्क में बने रहने की सलाह दी, ताकि फसल को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

# 'पवन धर्मकांटा' के पीछे कबाड़ सिंडिकेट ? पुलिस संरक्षण के आरोपों के बीच करोड़ों के खेल की चर्चा

**SECL के कलपुर्जों की कथित तस्करी**

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा शहडोल।**

शहडोल संभाग में इन दिनों कथित कबाड़ कारोबार और उससे जुड़े एक बड़े सिंडिकेट को लेकर तरह-तरह की चचाएं तेज हैं। स्थानीय स्तर पर यह दावा किया जा रहा है कि जिले में संचालित कुछ कबाड़ केंद्रों के माध्यम से चोरी के औद्योगिक कलपुर्जों, भारी वाहनों और अन्य धातु सामग्री को कबाड़ का स्वरूप देकर बाहर भेजा जा रहा है। इन चचाओं में विशेष रूप से बुढार अंतर्गत "पवन धर्मकांटा" और कबाड़ कारोबारी अनीश का नाम सामने लिया जा रहा है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित एजेंसियों द्वारा भी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि कथित सिंडिकेट को पुलिस संरक्षण प्राप्त है और "महीने की सेटिंग" के दम पर कार्रवाई से बचा जा रहा है।

SECL के कलपुर्जों की कथित तस्करी पर सवाल चचाओं के अनुसार, शहडोल संभाग की बंद और चालू कोयला खदानों से महंगे मशीनरी पाट्‌र्स, हाइड्रा मशीनों के पुर्जे, लोहे का स्क्रैप तथा अन्य औद्योगिक सामग्री चोरी कर कबाड़ के रूप में बेचे जाने का नेटवर्क सक्रिय है। आरोप है कि इन सामग्रियों को विभिन्न छोटे वाहनों और पिकअप से कबाड़ गोदामों तक पहुंचाया जाता है, जहां उनकी पहचान समाप्त कर उन्हें अन्य जिलों और राज्यों में भेज दिया जाता है। 'पवन धर्मकांटा' को लेकर भी उठ रहे सवाल जनचचाओं में यह भी कहा जा रहा है कि कथित कबाड़ सामग्री को परिवहन से पहले धर्मकांटे पर वैध कबाड़ के रूप में दर्ज किया जाता है, जिससे आगे के परिवहन में किसी प्रकार की बाधा न आए। यह भी दावा किया जा रहा है कि इसी प्रक्रिया के माध्यम से कथित तौर पर चोरी के सामान को वैध कबाड़ का स्वरूप दिया जाता है।

**अनीश का नाम फिर चर्चा में**

कबाड़ कारोबारी अनीश का नाम पहले भी विभिन्न मामलों में सामने आता रहा है। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार मई 2023 में तत्कालीन जिला दंडाधिकारी द्वारा उनके विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। आदेश में क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित होने और आपराधिक गतिविधियों की आशंका का उल्लेख किया गया था। इसके अलावा वर्ष 2024 में बुढ़ार थाना क्षेत्र में विद्युत केबल चोरी के मामले की जांच के दौरान भी उनका नाम सामने आया था। पुलिस के अनुसार चोरी के केबल खरीदने के आरोप में उन्हें आरोपी बनाया गया था। बाद में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने की कार्रवाई भी की थी। इन मामलों का अंतिम न्यायिक परिणाम क्या रहा, इसकी आधिकारिक जान कारी उपलब्ध नहीं है। पुलिस संरक्षण के आरोप स्थानीय स्तर पर यह आरोप भी लगाए जा रहे हैं कि कथित सिंडिकेट को कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है। सोशल मीडिया और स्थानीय चचाओं में "KK" नामक व्यक्ति का भी उल्लेख किया जा रहा है, जिस पर पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर प्रभाव रखने के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों के समर्थन में कोई आधिकारिक प्रमाण सार्वजनिक नहीं है। पुलिस विभाग की ओर से भी ऐसी किसी बात की पुष्टि नहीं की गई है।

**युवाओं को अपराध की ओर धकेलने का आरोप**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अवैध कबाड़ कारोबार वास्तव में सक्रिय है तो इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव बेरोजगार युवाओं पर पड़ रहा है। आरोप है कि आसान कमाई के लालच में युवाओं को कथित चोरी, अवैध परिवहन और कबाड़ कारोबार से जोड़ा जा रहा है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच हो तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। हालांकि यह केवल स्थानीय लोगों के दावे हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है।

**जांच की मांग तेज**

कई नागरिकों का मानना है कि यदि कथित सिंडिकेट की निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। लोगों ने कबाड़ गोदामों, धर्मकांटों, परिवहन रिकॉर्ड और SECL क्षेत्रों से निकलने वाले स्क्रैप की विस्तृत जांच की मांग की है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि औद्योगिक स्क्रैप और कबाड़ कारो बार की नियमित निगरानी की जाए तथा खरीद-बिक्री के दस्तावेजों का ऑडिट कराया जाए तो अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

**आय से अधिक संपत्ति और टैक्स जांच की भी मांग**

चचाओं में यह भी कहा जा रहा है कि कथित सिंडिकेट से जुड़े लोगों की आय, संपत्ति और कर संबंधी दस्तावेजों की जांच होनी चाहिए। हालांकि अभी तक आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय या अन्य किसी एजेंसी द्वारा इस संबंध में कोई सार्वजनिक कार्रवाई सामने नहीं आई है।

**प्रशासन से उठे सवाल**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि पहले भी संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई हो चुकी है तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में ऐसी गतिविधियां दोबारा न हों। लोगों का मानना है कि पुलिस, प्रशासन और संबंधित विभागों को पारदर्शी जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ताकि अफवाहों और जन चचाओं पर विराम लग सके।

# नशे से दूरी है जरूरीः थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**समाज जागरण**
**जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



रनेह/हटा दमोह जिले के विकासखंड पटेरा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बिलाखुर्द में आयोजित नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि "नशे से दूरी ही सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी कुंजी है।"उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करने तथा शिक्षा, खेल और अच्छे संस्कारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, करियर और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। युवा पीढ़ी यदि नशे से दूर रहेगी, तो वह अपने जीवन में सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकेगी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान की सराहना की। इस अवसर पर थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन, आर. हर्ष पटेल एवं ब्रजेश ठाकुर सहित विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त को 15 वर्ष तक के कठोर कारावास की सजा

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) / अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सोनभद्र श्री ओमकार शुक्ला ने सत्र परीक्षण संख्या 279/2025, राज्य बनाम रमाशंकर में अभियुक्त रमाशंकर पुत्र स्व. शिवभजन, निवासी ग्राम बेलहथी टोला पिरहवा, थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र को दोषसिद्ध ठहराते हुए कठोर कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार, दिनांक 26 जनवरी 2025 को अभियुक्त ने नाबालिग पीड़िता के साथ अश्लील हरकत एवं बलात्कार की घटना कारित की। पीड़िता की छोटी बहन के विरोध करने पर उसको रेलवे ट्रैक पर जान मारने की धमकी देते हुए धक्का दे दिया जिससे उसका दाहिना पैर पंजे के ऊपर से कटकर अलग हो गया और उसे गंभीर चोटें आईं। इस संबंध में थाना हाथीनाला पर मुकदमा अपराध संख्या 3/2025 पंजीकृत हुआ।

विवेचना के दौरान पीड़ितागण का चिकित्सीय परीक्षण, आयु संबंधी अभिलेख, एफएसएल रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से कुल 12 साक्षियों का परीक्षण कराया गया तथा आवश्यक दस्तावेजी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्त को धारा 64(1), 74, 117(3), 351(2) भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 3/4 पॉक्सो अधिनियम के अपराधों में दोषी पाया। न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 4 पॉक्सो अधिनियम में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं ₹20,000 अर्थदण्ड, धारा 117(3) बीएनएस में 15 वर्ष का कठोर कारावास एवं ₹20,000 अर्थदण्ड, धारा 74 बीएनएस में 2 वर्ष का कारावास एवं ₹5,000 अर्थदण्ड तथा धारा 351(2) बीएनएस में 1 वर्ष का कारावास एवं ₹1,000 अर्थदण्ड से दंडित किया। सभी सजाएँ साथ-साथ चलेंगी। अर्थदण्ड की आधी राशि पीड़िता तथा आधी राशि घायल बालिका के पुनर्वास हेतु दिए जाने का आदेश भी पारित किया गया। राज्य की ओर से अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दिनेश प्रसाद अग्रहरी एवं श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा प्रभावी रूप से किया गया।

# जंतर मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में आम आदमी पार्टी सोनभद्र का प्रदर्शन

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। दिल्ली के जंतर मंतर पर रोजगार और भर्ती की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों, युवाओं और छात्राओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में आज आम आदमी पार्टी, सोनभद्र के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष रमेश गौतम के नेतृत्व में रॉबट्‌र्सगंज के बढ़ौली चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की। कार्यकताओं ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने वाले छात्रों पर इस तरह की बर्बरता अस्वीकार्य है। यह सरकार की तानाशाही रवैये को दशार्ता है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा कि "आजाद और तिलक की धरती पर अगर छात्रों की आवाज को लाठियों से दबाया जाएगा तो अअढ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। शिक्षा और रोजगार हमारा अधिकार है।"

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और "तानाशाही नहीं चलेगी", "छात्र एकता जिंदाबाद", "धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो" के नारे लगाए।

इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष केवल सिंह, जिला कार्यकारणी देव कुमार शर्मा जिला महासचिव अनवर अली अंसारी, जिला सचिव घमड़ी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी,

अशोक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता समीर खान, नागेन्द्र कुमार मौर्या सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कला, मेहंदी प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत हुआ पौधरोपण, छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी के निर्देशन, मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पुनीत टंडन के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग, सोनभद्र द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत द आर्यन एकेडमी, संत नगर, रॉबर्ट्सगंज में कला एवं मेहंदी प्रतियोगिता, पौधरोपण तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कला प्रतियोगिता में कक्षा 5 की माही ने



प्रथम, कक्षा 7 की परी मिश्रा ने द्वितीय तथा कक्षा 7 की अनिका त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 9 की मानवी मौर्या प्रथम, कक्षा 9 की शुभांगी मौर्या द्वितीय एवं कक्षा 6 की अनुराधा राजवंशी तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा के महत्व के साथ महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट साधना मिश्रा ने महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, आपातकालीन सेवा-112 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 के संबंध में जागरूक करते हुए बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी। दीपिका सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चित्रा जालान ने एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करते हुए बेटियां बचेंगी तभी पढ़ेंगी, बेटी है तो कल है तथा पौधा है
तो जीवन है का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती चित्रा जालान, दीपिका सिंह, साधना मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाएँ उमाकांत दुबे, महेश त्रिपाठी, निशा चौबे, यासमीन, सुषमा पांडे, प्रिया, सुमन, अर्पणा सहित 127 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# जनपद में सुरक्षा व्यवस्था होगी हाईटेक, प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

अल्ट्राटेक के सीएसआर फंड से स्थापित होगी आधुनिक निगरानी प्रणाली

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अल्ट्राटेक के सीएसआर फंड के माध्यम से आधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जाएंगे। इन कैमरों को जनपद के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, दुर्घटना बहुल क्षेत्रों, बाजारों, संवेदनशील स्थानों, चोरी एवं आपराधिक घटनाओं की आशंका वाले क्षेत्रों तथा अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर लगाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जनपद में सुरक्षा




व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाना तथा नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। वर्षभर होगी सतत निगरानी, कानून-व्यवस्था होगी और मजबूत यह सीसीटीवी व्यवस्था किसी विशेष आयोजन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वर्षभर निरंतर संचालित रहेगी। कैमरों के माध्यम से जनपद की कानून-व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की गतिविधियों तथा अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जाएगी। इससे अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित नजर, यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने तथा किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में जिला प्रशासन एवं पुलिस को महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। यह आधुनिक निगरानी प्रणाली सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

**अपराध नियंत्रण एवं त्वरित कार्रवाई में मिलेगी सहायता**

सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चोरी, लूट, तोड़फोड़ एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के साथ-साथ अपराधियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी में भी सहायता मिलेगी। साथ ही यातायात संचालन, सार्वजनिक गतिविधियों की निगरानी तथा विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में भी यह प्रणाली उपयोगी सिद्ध होगी।

**जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से की सहयोग की अपील**

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, व्यापारियों, प्रतिष्ठान संचालकों एवं संस्थानों से अपील की है कि वे भी अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों, आवासों, कार्यालयों एवं अन्य महत्वपूर्ण परिसरों में स्वेच्छा से सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। नागरिकों की सहभागिता से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी तथा चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अपराधमुक्त जनपद के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# कोटा में आदिवासी की जमीन पर कब्जे का आरोप, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र में एक आदिवासी परिवार ने अपनी पैतृक भूमि पर जबरन कब्जा कराए जाने का आरोप पुलिस प्रशासन पर लगाया है। पीड़ित काश्तकार का कहना है कि भूमि उसके पिता बुधीराम के नाम दर्ज है, इसके बावजूद विपक्षी पक्ष को खेत जोतने दिया जा रहा है।
पीड़ित के अनुसार, उसने 22 जुलाई को चोपन थाने में लिखित शिकायत देकर मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन उसकी शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि पुलिस ने संबंधित क्षेत्र के लेखपाल को मौके पर बुलाकर राजस्व अभिलेखों की जांच भी नहीं कराई। पीड़ित का कहना है कि पुलिस द्वारा यह कहा गया कि "जो जोत रहा है, उसे जोतने दो" तथा दोनों पक्षों पर समझौते का दबाव भी बनाया गया। आरोप है कि कोटा



निवासी किशुन देव जायसवाल ने कई वर्ष पहले लगभग 1800 रुपये में जमीन रेहन पर ली थी। आर्थिक तंगी के कारण पीड़ित समय पर रकम वापस नहीं कर सका, जिसके बाद अब जमीन पर कब्जा करने के लिए प्रशासनिक दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया जा रहा है।
मामले में चोपन थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी आकाश जायसवाल का नाम भी चर्चा में बताया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।
पीड़ित ने मांग की है कि मौके पर संबंधित लेखपाल को बुलाकर राजस्व अभिलेखों की जांच कराई जाए तथा जिस व्यक्ति के नाम भूमि दर्ज है, उसी को खेती करने का अधिकार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आदिवासी परिवार के वैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा रोका जाए। पीड़ित ने इस मामले में सोनभद्र पुलिस, उत्तर प्रदेश शासन, एडीजी वाराणसी जोन तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 से हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच और न्याय दिलाने की मांग की है।

# सोनभद्र में नीति तारा पर अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग द्वारा विकसित नीति तारा (विश्लेषण, समीक्षा एवं कार्यवाही टूलकिट) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विकास भवन, सोनभद्र में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों का क्षमता निर्माण एवं उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को आंकड़ा-आधारित निर्णय प्रणाली, विभिन्न शासकीय पोर्टलों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विश्लेषणात्मक उपकरणों के उपयोग से परिचित कराना था। नीति आयोग की ओर से




एडसिल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह ने अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने नीति तारा की कार्यप्रणाली, वास्तविक समय के डैशबोर्ड, भू-स्थानिक मानचित्रण, विभिन्न विभागीय पोर्टलों के समेकित उपयोग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आंकड़ा विश्लेषण की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों का समेकित विश्लेषण कर योजनाओं की प्रगति की प्रभावी समीक्षा, कमियों की पहचान तथा साक्ष्य-आधारित निर्णय लेकर विकास कार्यों को अधिक परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, उपायुक्त मनरेगा रविंद्र वीर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सन्तपाल वर्मा, राजेश कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रवींद्र पटेल, अपर सांख्यिकीय अधिकारी डॉ. के.एन. उपाध्याय, डॉ. जय सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. मिश्रा, खंड विकास अधिकारी चतरा, विकासखंड चतरा के अन्य अधिकारीगण तथा शिक्षा विभाग से डॉ. सूर्य प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।
प्रशिक्षण में बताया गया कि नीति तारा एक समेकित डिजिटल प्रणाली है, जो आंकड़ों, विश्लेषण तथा दृश्य प्रस्तुतीकरण को एक मंच पर उपलब्ध कराकर जिला एवं विकासखंड स्तर पर योजनाओं की निगरानी, समीक्षा तथा साक्ष्य-आधारित निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाती है। यह पहल आकांक्षी जिलों एवं विकासखंडों में सुशासन को सुदृढ़ करने तथा विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# छात्रों पर बर्बर दमन के जिम्मेदार गृह मंत्री अमित शाह भी इस्तीफा दें

* रोजगार अधिकार अभियान ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन
* शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व पेंशन के संवैधानिक अधिकार पर संघर्ष जारी रहेगा

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र/लखनऊ। शिक्षा व्यवस्था में धांधली की जबावदेही तय कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर आयोजित संसद मार्च पर जिस तरह मोदी सरकार की पुलिस ने बर्बर दमन किया गया और सादी वर्दी में बच्चों को जिस बुरी तरह मारा गया है, उसके बाद मोदी सरकार ने सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो दिया है। इसलिए धर्मेंद्र प्रधान के साथ इस दमन के जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को भी अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। यह मांग आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन में रोजगार अधिकार अभियान ने उठाई गई। प्रदेश के प्रयागराज, लखीमपुर, सीतापुर, चंदौली, सोनभद्र समेत विभिन्न जनपदों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा यह ज्ञापन भेजे गए। रोजगार अधिकार अभियान ने कहा है कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पेंशन के संवैधानिक अधिकारों को हासिल करने और इसके लिए कॉर्पोरेट व सुपर रिच की सम्पत्ति पर टैक्स लगाने के सवाल पर उसका संघर्ष जारी रहेगा और 9 अगस्त से मिजार्पुर से इस संबंध में पूर्वांचल यात्रा भी निकली जाएगी।
20 जुलाई को जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस द्वारा जिस तरह से बर्बरता, अवैधानिकता, अत्यधिक बल प्रयोग, महिलाओं के साथ अभद्रता, सादे कपड़ों में भाजपा के गुंडों द्वारा पिटाई,



पैलेट गन का प्रयोग, पुलिस वालों के डंडों में कील व करंट, पुलिस वालों के हाथों में लोहे की राड, डीके बासु मामले में सुप्रीम कोर्ट के वर्दी पर नेम प्लेट धारण करने के आदेशों की अवहेलना कर छात्रों का दमन किया गया, ऐसा लग रहा था कि मानो मोदी सरकार अपने ही बच्चों के विरुद्ध युद्ध में उतरी हो।
ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि संसद मार्च पर हुए पुलिस दमन की स्वतंत्र एवं न्यायिक जांच कराई जाए। बिना वर्दी और बिना नेम प्लेट के कार्रवाई करने वाले सभी व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक की जाए तथा यह बताया जाए कि किस सक्षम अधिकारी और मजिस्ट्रेट के आदेश पर लाठीचार्ज किया गया। शांतिपूर्ण आंदोलन में शामिल छात्रों, युवाओं और नागरिकों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। पुलिस की कार्रवाई में घायल हुए सभी लोगों को उचित उपचार और मुआवजा दिया जाए। साथ ही संविधान द्वारा प्रदत्त शांतिपूर्ण विरोध और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की पूर्ण रक्षा सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में जंतर-मंतर पर नेशनल कोऑर्डिनेटर राजेश सचान, लखीमपुर में जमशेद अली, प्रयागराज में इंजीनियर राम बहादुर पटेल, चंदौली में रहमुद्दीन, अजय राय, निसार अहमद, सीतापुर में डाक्टर बृज बिहारी, सुनीला रावत, लेखक अनुराग आग्नेय, सोनभद्र में सविता गोंड, रूबी सिंह गोंड, लखनऊ में एडवोकेट कमलेश सिंह, जैनुल आबदीन, गीता

गौतम, एडवोकेट जगदीश पटेल, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह, अहद शेख, आलोक कुमार, सुरेंद्र पांडेय, संदीप भार्गव अजीत कुमार आदि लोगों ने हिस्सा लिया।

# अडानी सीमेंट कम्पनी के गेट पर रोजगार के लिए बैठे धरने पर हुआ समाप्त

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत सलईबनवां अडानी सीमेंट कंपनी में आस पास के स्थानियों को रोजगार मुहैया कराने क्षेत्र में शिक्षा चिकित्सा सड़क पानी बिजली खेल मैदान की व्यवस्था , कंपनी में कार्यरत श्रमिकों की मजदूरी अकुशल, अर्द्धकुशल कुशल के अनुसार मजदूरी दर निर्धारित करने स्वच्छ पर्यावरण के लिए जल सिंचाव व वाहनों के लिए पार्किंग सुविधाओं सहित कुल 10 सूत्रीय मांगों को लेकर क्षेत्र के युवकों ने सलईबनवां अडानी सीमेंट कंपनी गेट के सामने बीते दो दिनों से क्रमिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा था जिसको चोपन थाना प्रभारी, तहसीलदार ओबरा, कंपनी के सिक्योरटी हेड के उपस्थिति में 10 सूत्रीय मांगों को मौखिक रूप से स्वीकार आश्वासन पर गुरुवार की लगभग नौ बजे क्रमीक धरना प्रदर्शन समाप्त करवाया गया।
मिली जानकारी के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलईबनवा में स्थित सीमेंट प्लांट के सामने स्थानीय युवाओं द्वारा 10 सूत्रीय मांग को बुधवार से क्रमीक धरना प्रदर्शन बैठ गए थे जिसको गुरुवार दुसरे दिन के रात में चोपन थाना प्रभारी गोपाल जी गुप्ता, डाला चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी, तहसीलदार ओबरा, कंपनी के सेफ्टी इंचार्ज के उपस्थिति में 10 सूत्रीय मांगों को मौखिक रूप से स्वीकार करते हुए मान लिया गया सभी मुद्दों को ध्यान रखते हुए बहुत जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण के आश्वासन पर क्रमीक धरना प्रदर्शन समापन करवाया गया

इस दौरान क्रमीक धरना प्रदर्शन कर रहे युवाओं में पंकज यादव मुलायम सिंह ओमप्रकाश सोनू अजय गोंड रितेश दीपक राम केवल चंद्रशेखर शाहनी के अन्य युवा सामिल रहें।

# थाना कोन साइबर टीम की त्वरित कार्रवाई, साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के ₹ 11,300/- कराए वापस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय)
अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोन साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को राहत दिलाते हुए ₹11,300/- की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई।
आवेदक चन्दन कुमार पाण्डेय पुत्र देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, निवासी ग्राम चेवाड़ीह, थाना कोन, जनपद सोनभद्र द्वारा NCRP पोर्टल के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई थी।



शिकायत प्राप्त होते ही थाना कोन साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी की गई धनराशि को होल्ड कराया गया। पुलिस के सतत प्रयासों के फलस्वरूप दिनांक 24.07.2026 को ₹11,300/- की संपूर्ण धनराशि आवेदक के बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गई।
धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक ने सोनभद्र पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। सोनभद्र पुलिस की अपीलः यदि आप किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी के शिकार होते हैं, तो तत्काल 1930 हेल्प लाइन अथवा www.cy berc rim e.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर आपकी धनराशि वापस कराई जा सके।

# रामगढ़ रोड़ रेलवे ओवरब्रिज के पास आवागमन की समस्या के समाधान हेतु जिला प्रशासन की प्रभावी पहल

जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश के क्रम में रामगढ़ रोड़ स्थित निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज के समीप आमजन एवं वाहनों के आवागमन में हो रही असुविधा के निस्तारण हेतु तहसीलदार सदर श्री अमित सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए मौके पर ही निर्माण एजेंसी के साथ विस्तृत वार्ता की गई तथा आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए।
100 मीटर लंबा एवं 5 मीटर चौड़ा लिंक मार्ग बनेगा, गुरुवार तक कार्य पूर्ण किया जायेगा।
निरीक्षण के दौरान यह निर्णय लिया



गया कि रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग से 100 मीटर लंबा एवं 5 मीटर चौड़ा वैकल्पिक लिंक मार्ग तत्काल तैयार कराया जाएगा। निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि गुरुवार तक लिंक मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि जब तक लिंक मार्ग तैयार नहीं हो जाता, तब तक रेलवे ओवरब्रिज के पूर्वी हिस्से में कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा, जिससे आमजन के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। रोड़ पर केवल हल्के वाहन यानी दो पहियां व चार पहिया वाहन जाने की अनुति रहेगी।
जिलाधिकारी ने समस्या के निराकरण हेतु कराई प्रभावी कार्रवाई

जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। लिंक मार्ग तैयार होने के बाद दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों का आवागमन और सुगमता से हो सकेगा तथा स्थानीय नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा से राहत मिलेगी।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट से संबंधित 01 वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अकबर अली**

शक्तिनगर/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। इसी क्रम में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान दिनांक 24.07.2026 को एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में वांछित 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त संदीप कुमार बियार पुत्र रामनन्दन, निवासी ग्राम चन्दुआर, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 25 वर्ष, के विरुद्ध मु0नं0-363/2023 एवं मु0अ0सं0-



35/2023, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश (SC/ST)/स्पेशल कोर्ट, जनपद सोनभद्र द्वारा गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया गया था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# राम-सीता विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर, जयकारों से गूंजा मेड़र माता मंदिर परिसर

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/सोनभद्र। मेड़र माता मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन राम-सीता विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। मंगलगीतों और "सीता-राम" के जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा। कथावाचक दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने श्रीराम-सीता विवाह की कथा सुनाते हुए बताया कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का दिव्य धनुष रखा था। एक दिन माता सीता ने महल की सफाई करते समय उस धनुष को सहजता से उठाकर दूसरी जगह रख दिया। यह देखकर राजा जनक आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि उस धनुष को कोई भी हिला तक नहीं सकता था। तभी उन्होंने प्रतिज्ञा की कि जो वीर इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से वे अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। इसके बाद राजा जनक ने स्वयंवर का आयोजन कर सभी राजा-महाराजाओं को आमंत्रित किया। स्वयंवर में उपस्थित अनेक पराक्रमी राजाओं ने धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी सफल नहीं हो सका। अंततः गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने धनुष उठाया और जैसे ही उस पर प्रत्यंचा चढ़ाने लगे, धनुष टूट गया। इसके बाद पूरे वैदिक रीति-रिवाज और हर्षोल्लास के



साथ भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह संपन्न हुआ। जैसे ही माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाली, देवताओं ने पुष्पवर्षा कर इस दिव्य मिलन का स्वागत किया।कथा के दौरान चोपन सहित पूरे सोनभद्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक शिवकुमार पहाड़ी बाबा रहे। संरक्षक मंडल में राजा मिश्र, नागेश्वर सिंह गौड़, सुनील सिंह, श्यामाचरण गिरी, संतोष साहनी, राजकुमार यादव (पप्पू), अजय साहनी, राजकुमार साहनी, रविशंकर साहनी, महेंद्र गोंड, राजेंद्र, संदीप, अनिल चौरसिया, रमाशंकर निषाद एवं श्रवण सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कथा में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# मुख्यमंत्री गो-संवर्धन योजना के तहत ई-लॉटरी से 28 लाभार्थियों का हुआ चयन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री गो-संवर्धन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के चयन हेतु ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। योजना के लिए प्राप्त 506 आवेदनों में से ऑनलाइन एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से 28 लाभार्थियों का चयन

किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री गो-संवर्धन योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उनकी आय एवं जीवन स्तर में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा निर्धारित वित्तीय सहायता एवं अन्य सुविधाएं

उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि ई-लॉटरी के माध्यम से चयनित लाभार्थियों के अभिलेखों का परीक्षण पूर्ण होने के उपरांत शीघ्र ही उनके

खातों में धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। साथ ही प्रदेश सरकार के निदेर्शों के क्रम में भविष्य में प्राप्त आवेदनों के आधार पर पुनः ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया भी संचालित की जाएगी।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया (प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

## चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

## प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया (प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



## किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



## दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

## गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और

फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




## सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

## सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

## चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती हैं. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

## खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

## ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

## अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.

# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

## विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विजेताओं को किया सम्मानित

**मुख्य अतिथि सुनील सांगवान बोले- खेल शिक्षा का अभिन्न अंग, मैदान से मिलता है अनुशासन और आत्मविश्वास**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल। खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील सांगवान सिरसी (मंडल अध्यक्ष, भाजपा बहल) उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना स्योराण ने की।
समापन समारोह में कृष्ण कुमार यादव (प्राचार्य), पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, समाजसेवी वीरेंद्र लाम्बा, जिला सचिव डॉ. विजेंद्र कसवां, पूर्व प्राचार्य बिमला स्योराण तथा विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक शिक्षा अध्यापक मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चहड़ कलां की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो अंडर-14 में बीआरसीएम बहल तथा रस्साकशी प्रतियोगिता में मॉडल संस्कृति स्कूल बहल विजेता रहा। वहीं 100 मीटर दौड़ में दीपिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुनील सांगवान ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। नियमित रूप से खेल मैदान में आने वाले विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर होता है और वे शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# आठ दिवसीय निःशुल्क आरोग्य शिविर का हुआ समापन, सैकड़ों लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

## काले कंबल वाले बाबा के सानिध्य में चला जनसेवा अभियान, क्षेत्रवासियों ने कमेटी का जताया आभार

**आठ दिन तक उमड़ी मरीजों की भीड़, सफल आयोजन पर सहयोगियों और ग्रामीणों का किया धन्यवाद**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल-लोहारू। अनाज मंडी रोड, लोहारू में काले कंबल वाले बाबा गणेश यादव के सानिध्य में आयोजित आठ दिवसीय निःशुल्क आरोग्य शिविर का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। आठ दिनों तक चले इस जनसेवा अभियान में लोहारू, बहल सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रखने की अपेक्षा जताई।
समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन गोदारा हांसीवाले ने बताया कि बहल में आयोजित सफल शिविर के बाद क्षेत्रवासियों की मांग पर लोहारू में इस आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आठ दिनों तक लगातार बड़ी संख्या में लोगों का पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि जनसेवा के इस अभियान को क्षेत्रवासियों का भरपूर विश्वास, स्नेह और सहयोग मिला। उन्होंने आयोजन समिति, सहयोगियों एवं सभी क्षेत्रवासियों का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।
आयोजकों के अनुसार शिविर में गठिया, सर्वाइकल, उच्च रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), लकवा, पोलियो, निसंतान दंपतियों की समस्याएं, जोड़ों के दर्द सहित विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण, स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार किया गया। मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया गया।
समापन अवसर पर क्षेत्रवासियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होते हैं। उन्होंने काले कंबल वाले बाबा, आयोजन समिति और सभी सहयोगियों का सफल एवं सुव्य वस्थित आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन गोदारा, मोहन चौधरी (बालोतरा, जोधपुर), भाजपा नेता कमलेश भोडूका, बहल पंचायत समिति के
वाइस चेयरमैन रामचंद्र टांडी, श्यामलाल शर्मा, शमशेर नेहरा, पूर्व सरपंच रमेश कुमार, वीरेंद्र सोनी, मास्टर दिनेश कुमार, परमवीर मोरका, रणसिंह गाढ़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# 6 किलो 900 ग्राम गांजा सहित चार तस्कर गिरफ्तार

## बोलेरो में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था गांजा, अपराध शाखा दादरी की कार्रवाई

**चारों आरोपी मिलकर करते थे तस्करी, एक पुलिस रिमांड पर व तीन न्यायिक हिरासत में भेजे गए**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



चरखी दादरी। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, आईपीएस के निर्देशन में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध शाखा दादरी पुलिस ने 6 किलो 900 ग्राम गांजा सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो गाड़ी भी बरामद की है, जिसका उपयोग कथित रूप से नशीले पदार्थ की तस्करी में किया जा रहा था।
पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि अपराध शाखा में तैनात एएसआई विशाल अपनी टीम के साथ महेंद्रगढ़ चौक क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि बोलेरो गाड़ी में सवार चार व्यक्ति भिवानी की ओर से गांजा लेकर महेंद्रगढ़ की तरफ जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने महेंद्रगढ़ चौक पर नाकाबंदी की और संदिग्ध बोलेरो को रोक लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान कर्मबीर, प्रमोद और अभिषेक निवासी मालड़ा बास (जिला महेंद्रगढ़) तथा सौरभ निवासी लावण के रूप में बताई। डीएसपी साहिल ढिल्लो (एचपीएस) की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी लेने पर बोलेरो की आगे वाली सीट के पास रखी एक पॉलिथीन से 6 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और बोलेरो को कब्जे में लेकर थाना शहर दादरी में आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां कर्मबीर को पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, जबकि प्रमोद, अभिषेक और सौरभ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे संयुक्त रूप से गांजा खरीदकर उसकी तस्करी करते थे और बिक्री से होने वाले मुनाफे को आपस में बराबर बांट लेते थे। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।

# नीट अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण, युवाओं की आवाज सुने सरकार: अशोक कुमार भारद्वाज

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार भारद्वाज ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं और युवतियों पर पुलिस एवं स्पेशल फोर्स द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज और अभद्र व्यवहार की निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश के लाखों छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में उनकी आवाज को बल प्रयोग से दबाने के बजाय संवेदनशीलता के साथ सुना जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से प्रदर्शन में शामिल बहन-बेटियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए।
अशोक कुमार भारद्वाज ने केंद्र सरकार से मांग की कि नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं की समस्याओं का समाधान संवाद और न्यायपूर्ण कार्रवाई से ही संभव है। सरकार को छात्रों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# अवैध देसी कट्टे सहित युवक गिरफ्तार

## स्पेशल स्टाफ चरखी दादरी की कार्रवाई, आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**रावलधी नहर पुल के पास घेराबंदी कर पकड़ा, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



चरखी दादरी। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, आईपीएस के निर्देशन में अपराध एवं अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ चरखी दादरी ने एक युवक को अवैध देसी कट्टे (पिस्टल) सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बलवान निवासी गांव रामबास, जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि स्पेशल स्टाफ की टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी के दौरान रावलधी चौक क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बलवान नामक युवक दादरी-रोहतक रोड पर रावलधी गांव के पास नहर पुल के निकट अवैध हथियार के साथ खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध युवक वहां से निकलने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसकी पायजामी की दाहिनी जेब से एक अवैध देसी कट्टा (पिस्टल) बरामद हुआ। पुलिस द्वारा हथियार का लाइसेंस मांगे जाने पर आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।
आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सांसद कुमारी सैल्जा की अध्यक्षता में बैठक आज

**समाज जागरण**



सिरसा/ कालांवाली 24 जुलाई (सुरेश जोरासिया) सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा की अध्यक्षता में शनिवार 25 जुलाई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक प्रातः 11 बजे स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित विभाग अपनी योजनाओं और कार्य की विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# राजेश गांधी छपार बने हरियाणा रोडवेज तोशाम सब डिपो कमेटी के प्रधान

## रोडवेज कर्मचारी यूनियन की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन

**नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया सम्मान, कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करने का लिया संकल्प**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



तोशाम। रोडवेज कर्मचारी यूनियन की ओर से शुक्रवार को तोशाम सब डिपो बस स्टैंड पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से हरियाणा रोडवेज तोशाम सब डिपो कमेटी का गठन किया गया, जिसमें परिचालक राजेश गांधी छपार को प्रधान चुना गया। बैठक में राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष मुकेश दूहन,
प्रधान राजकुमार तालु, उपप्रधान अमित तालु, डिपो अध्यक्ष जगदीश फरमाना, संगठन सलाहकार रमेश बड़सी सहित तोशाम सब डिपो के रविपाल, सुरेश सूई तथा अन्य रोडवेज कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।
नई कार्यकारिणी में सुरेश सूई को चेयरमैन, सुरेंद्र संडवा को वाइस चेयरमैन, राजेश गांधी छपार को प्रधान, चालक ईश्वर बलियाली एवं परिचालक राजकुमार बजीना को उपप्रधान बनाया गया। इसके अलावा चालक नरेश को सचिव, चालक सुदेश कुमार समोता को संगठन सलाहकार, बलवान को प्रेस प्रवक्ता, राजेश को ऑडिटर, विक्रम संडवा को कैशियर तथा सुरेंद्र को सह-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के बाद नवचयनित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधि कारियों ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ किया जाएगा तथा कर्मचारियों के हितों के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में रोडवेज कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेत पर घास काटने गई नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर घास काटने गई नाबालिग किशोरी के साथ ग्रामीण द्वारा अश्लील हरकत किए जाने के चलते मुकदमा दर्ज किया है।
बता दें कि थाना बबराला के एक गांव में विगत दिवस 23 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे खेत पर घास काटने गई नाबालिग किशोरी को एक ग्रामीण द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा।जब किशोरी ने भागने की कोशिश की तो उसने पकड़कर जमीन पर गिरा लिया। और किशोरी के कपड़े फाड़ दिए। और जान से मारने की धमकी दी। वहीं किशोरी की मां ने बबराला थाने में तहरीर दी।जिस पर बबराला थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बबराला थानाध्यक्ष लवनीश चौधरी ने बताया कि आरोपी अजयपाल के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के साथ पास्को एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नौजवान भारत सभा ने शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला :- कुलदीप जलालआना

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज के विरोध में नौजवान भारत सभा इकाई जलालआना के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका।



सभा के सदस्यों ने बताया कि पिछले 20 दिनों से हजारों छात्र नीट पेपर लीक के विरोध में और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। संसद मार्ग के दौरान पुलिस ने उन पर अमानवीय तरीके से लाठीचार्ज किया, जो लोकतंत्र में बेहद निंदनीय है। कार्यकताओं ने मांग की कि शिक्षा मंत्री पद से तुरंत इस्तीफा दें और पेपर लीक के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर नौजवान भारत सभा अगुवाई कुलदीप जलालआना, हरदीप, रेशम सिंह, बंटी, धर्मप्रीत, गुरदीप सिंह, लवप्रीत सिंह, डीसी सिंह, मास्टर भूपिंदर जैन, बबु सिंह, यादविंदर सिंह और गांव से अनेको लोग शामिल थे।

# श्रावण मास कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण

**कांवड़ मार्गों, मंदिरों एवं प्रमुख स्थलों का जायजा लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**समाज जागरण**



संभल।श्रावण मास कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने जनपद के विभिन्न कांवड़ मार्गों, मंदिरों एवं प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा
संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सिरसी नगर पंचायत स्थित पक्षी विहार का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्थित झील का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को झील का चिन्हांकन कर उसके सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही यारा फर्टिलाइजर के प्रतिनिधियों से भी इस दिशा में सहयोगात्मक कार्यवाही करने को कहा। इसके उपरांत अधिकारियों ने निमार्णाधीन गौशाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं परिसर में संचालित गौ आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया तथा गोवंश के लिए भूसा एवं हरे चारे की उपलब्धता की जानकारी लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद सिरसी-बिलारी मार्ग के समीप नहर किनारे स्थित झील का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना हजरतनगर गढ़ी का भी निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।
इसके पश्चात मातीपुर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क किनारे जलभराव न होने पाए तथा झाड़ी कटान एवं साफ-सफाई का कार्य समय से पूर्ण कराया जाए।
निरीक्षण के दौरान मनौटा पुल पुलिस चौकी के समीप चौराहे का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी, असमोली को चौराहे पर हाईमास्ट अथवा मिनी हाईमास्ट लाइट स्थापित कराने के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग को सड़क पर टेबल-टॉप स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कांवड़ मार्गों के आबादी वाले क्षेत्रों में सड़कों के दोनों ओर जलभराव नहीं होना चाहिए। जहां आवश्यकता हो, वहां जल निकासी के लिए कच्चे नाले अथवा नालियों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने अकबरपुर गहरा में जल निकासी की व्यवस्था एवं सड़क की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए। इसके बाद परियावली पुलिस चौकी एवं भोलेश्वर पुलिस चौकी का निरीक्षण किया गया। भोलेश्वर पुलिस चौकी के समीप सड़क की मरम्मत कराने के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया।
निरीक्षण के दौरान थाना राय शक्ति के पास ट्रांसफार्मर को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं विद्युत पोलों पर सुरक्षा की दृष्टि से ऊपर तक पॉलिथीन रैपिंग कराने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।
अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, सम्भल पहुंचकर कांवड़ यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा, स्वच्छता एवं
अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।
इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द, क्षेत्राधिकारी सम्भल एवं असमोली, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह, खंड विकास अधिकारी सम्भल/असमोली प्रेमपाल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बबराला में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ,

## अब स्थानीय स्तर पर मिलेंगी सभी प्रमुख सुविधाएं

**समाज जागरण**

बबराला नगरवासियों को अब आधार कार्ड से जुड़े कार्यों के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शुक्रवार को नगर पंचायत बबराला परिसर में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि नगर पंचायत में आधार सेवा केंद्र शुरू होने से लोगों को एक ही स्थान पर आधार संबंधी सभी प्रमुख सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अब नागरिक नया आधार कार्ड बनवाने, आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारियों में संशोधन एवं अपडेट कराने जैसे कार्य नगर पंचायत परिसर में ही आसानी से करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से नगरवासियों का समय और धन दोनों की बचत होगी तथा आधार संबंधी कार्यों के लिए अन्य शहरों या दूरस्थ केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर पंचायत का प्रयास है कि नागरिकों को अधिक से अधिक जनसुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाएं, जिससे उन्हें बेहतर और त्वरित सेवाएं मिल सकें। आधार सेवा केंद्र के शुभारंभ पर नगर पंचायत के कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# बुग्गी से टकराई बाइक, तीन रिश्तेदार गंभीर, अलीगढ़ रेफर

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली की ओर जा रहे बाइक सवार तीन युवक गुरुवार रात करीब 9:15 बजे सेजना मुस्लिम के पास आगे चल रही बुग्गी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में बाइक चला रहे राजपाल सिंह (30) पुत्र दीवान सिंह निवासी गांव सिकरौरा खादर, थाना जुनावई , वीरेश (28) पुत्र सभाजीत निवासी गांव सालावतपुर, थाना जरीफनगर जनपद बदायूं तथा पन्नालाल (31) पुत्र सुल्तान सिंह निवासी गांव रामनगर टप्पा वैश्य, थाना जुनावई शामिल हैं। तीनों आपस में रिश्तेदार बताए गए हैं । बाइक सवार सेजना मुस्लिम के पास पहुंचे ही थे कि आगे चल रही बुग्गी से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कावड़ यात्रा को लेकर सड़क पर उतरा योगी का पुलिस अमला , एएसपी ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

आगामी महाशिवरात्रि को लेकर कावड़ यात्रा सकुशल कराने हेतु प्रशासन अलर्ट है गंगा घाट पर लगी बेरीकेडिंग व सड़क किनारे खड़ी झाड़ियां , लाइटें व सीसीटीवी कैमरे समेत आदि जानकारी को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज रावत ने गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गंगा घाट राजघाट का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। 11 अगस्त को आगामी महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर कावड़ यात्रा को श्रद्धालुओं का गंगा घाट राजघाट पर हजारों श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है हजारों की तादात में गंगा घाट राजघाट से बदायूं अलीगढ़ मुरादाबाद आदि दूर दराज जिलों से श्रद्धालु जल अभिषेक हेतु गंगा घाट राजघाट पर स्नान करने के साथ साथ कावड़ लेने आते हैं जो पैदल व बाइको से यात्रा करते हैं जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू की है

# डीएम-एसपी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**समाज जागरण**

संभल। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ सफाई एवं अग्निशामक यंत्रों, सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।